तापमान

अधिकतम 25.4 डिग्री

न्यूनतम 11.4 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 23 दिसंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




रेलवे लाइन पर गंदगी और कचरे का ढेर लगा

## खबर संक्षेप

### एयू में तीन दिवसीय कुल उत्सव आज से



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय कुल उत्सव का शुभारंभ मंगलवार को सुबह 9.30 बजे होगा। इसके मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता समाजसेवी एवं विचारक नारायण नामदेव और अतिविशिष्ट अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला होंगे। इनके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. व्हीके सारस्वत व सीवी रमन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष तथा अध्यक्षता अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी करेंगे। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री कवि-राजनेता एवं दूरदर्शी नेता स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती अवसर पर अटल यूनिवर्सिटी में 23 से 25 दिसंबर तक तीन दिवसीय कुलोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत तीन दिनों तक यूनिवर्सिटी में विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

### अटल परिसर का 25 को होगा लोकार्पण

**बिलासपुर।** नवपदस्थ निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात निगम मुख्यालय विकास भवन के सभी शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी शाखाओं के कमरे के बाहर नाम पट्टिका लगाने के निर्देश दिए ताकि नागरिकों को भटकना ना पड़े। निरीक्षण के दौरान निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने साफ-सफाई सतत बनाएं रखने और सभी शाखाओं में फाइलों के संधारण बेहतर तरीके से करने के निर्देश दिए। नवपदस्थ निगम कमिश्नर ने रामसेतु मार्ग में नवनिर्मित अटल परिसर का भी निरीक्षण किया। इस अटल परिसर का 25 दिसंबर को लोकार्पण किया जाएगा।

### पालना सहायिका भर्ती दावा आपत्ति 24 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकण्डा अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र कछार 2 में सहायिका एवं वार्ड क्र 68 (छोटी कोनी) में पालना सहायिका के रिक्त पदों पर प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत दावा आपत्ति 24 दिसम्बर तक जमा कर सकते हैं। इच्छुक आवेदिका 24 दिसम्बर तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकती है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती, दावा आपत्ति 5 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सकरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र देवरीखुर्द में कार्यकर्ता भर्ती के रिक्त पदों पर प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत दावा आपत्ति 5 जनवरी 2025 तक मंगाये गये है। इच्छुक आवेदिका कार्यालयीन समय में 5 जनवरी तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकती है।

### अभ्युदय योजना अंतर्गत ऋण लेने आवेदन 31 तक

**बिलासपुर।** अनुसूचित जाति वर्ग के लिए संचालित प्रधानमंत्री अभ्युदय योजना अंतर्गत स्वरोजगार के लिए ऋण प्रदाय करने जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के इच्छुक लोगों से 31 दिसम्बर तक आवेदन मांगा गया है। आवेदक जिले का निवासी होना चाहिए, अनुसूचित जाति वर्ग का होना चाहिए तथा उसकी आयु 18 वर्ष से कम एवं 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आयु व जन्मतिथि के प्रमाण हेतु स्कूल द्वारा जारी दाखिल-खारिज, 5वीं, 8वीं, 10वीं की अंकसूची व मूल दस्तावेज के साथ शपथ पत्र मान्य होगा। परिवार की वार्षिक आय 2 लाख 50 हजार से अधिक नहीं होनी चाहिए।

# 62 हजार आयकर दाताओं ने बनाया बीपीएल कार्ड, जीएसटी भरने वाले 640 कारोबारी और एक हेक्टेयर से ज्यादा जमीन वाले 30 हजार किसान भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में 62 हजार 813 आयकरदाताओं ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर गरीबी रेखा राशनकार्ड बना लिया है। यह लोग पिछले करीब तीन सालों से राशन का उठाव भी हर महीने कर रहे हैं। बिलासपुर में इनकी संख्या बिलासपुर 6074 तो रायपुर में 10361 है। इसके अलावा जीएसटी भरने वाले 640 कारोबारियों ने भी बीपीएल राशनकार्ड बनवाया है। इतना ही नहीं प्रदेश में 29 लाख 83 हजार 738 ऐसे किसान हैं जिनके पास एक हेक्टेयर से ज्यादा जमीन हैं, इन्होंने भी बीपीएल राशनकार्ड बना लिया है। अब सभी को इनकम टैक्स के साथ ही जीएसटी और खाद्य विभाग नोटिस जारी कर रहा है। इनसे रिकवरी भी हो सकती है।

गौरतलब है कि प्रदेश में राशन कार्ड सत्यापन की प्रक्रिया जारी हैं। इसी के तहत वन नेशन वन कार्ड के तहत कराए गए ई-केवाईसी और आधार से लिंक बैंक खाते, पेन कार्ड के सत्यापन में इन गड़बड़ियों का पता चला है।

इसके बाद खाद्य संचालनालय ने संबंधित जिलों को निर्देश दिए हैं कि इन राशन कार्डों की फिजिकल वेरिफिकेशन कर फर्जी सदस्यों को नोटिस जारी करे। इस संबंध में जिला कलेक्टरों को विशेष टीम गठित करने को कहा गया है। अधिकारियों के मुताबिक फर्जी कार्डों के माध्यम से वर्षों से उठाए गए राशन की वसूली की प्रक्रिया भी शुरू हो सकती है। जिन राशन दुकानों या अधिकारियों की लापरवाही सामने आएगी, उनके विरुद्ध विभागीय जांच की तैयारी की जा रही है।

अलग खबर

**बड़े भू-स्वामी भी बीपीएल में शामिल**

सत्यापन के दौरान रायपुर जिले में सबसे अधिक 10,361 आयकर दाता, 123 जीएसटी पे करने वाले कारोबारी और 1,12,956 एक हेक्टेयर से अधिक भूमि वाले व्यक्तियों के पास आधार कार्ड मिले हैं। इसी तरह बिलासपुर जिले में 6,074 आयकर दाता, 36 कारोबारी और 1,26,041 बड़े भू-स्वामियों ने बीपीएल कार्ड बनवा लिया है। इसके साथ ही दुर्ग जिले में 6,339 आयकर दाता, 71 कारोबारी और 79,446 भूमि स्वामी चिह्नित किए गए हैं। सरगुजा में 2,586 आयकर दाता, 11 कारोबारी और 75,277 भूमि स्वामी है। आदिवासी बहुल बस्तर जिले में 1,185 आयकर दाता, 9 कारोबारी और 57,097 भूमि स्वामी के पास आधार कार्ड दर्ज किए गए हैं।



- फर्जी दस्तावेजों के आधार पर गरीबी रेखा राशनकार्ड बना लिया गया
- आयकर के साथ ही जीएसटी और खाद्य विभाग नोटिस जारी कर रहा

### तीन साल से ले रहे राशन, होगी वसूली

फर्जी राशन कार्डों को लेकर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने खाद्य विभाग के अधिकारियों की पिछले दिनों बैठक लेकर कहा कि जांच के काम में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला खाद्य नियंत्रक विभाग के मुताबिक हजारों की संख्या में ऐसे एपीएल राशन कार्डों की भी जानकारी मिली है जो पिछले तीन साल से राशन ले रहे हैं। इनसे पूरे पैसे की वसूली होगी। प्रशासन के मुताबिक ऐसे वर्गों को गरीबों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा। राज्य स्तर पर जारी यह आंकड़ा अब आगे पात्रता की जांच में राशनकार्ड बनेगा। जिन आपात्रों ने राशनकार्ड बनवाया है, उन्हें नोटिस जारी किया जा रहा है। उनसे रिकवरी भी किया जाएगा।

### किया जा रहा है सत्यापन

वन नेशन वन कार्ड के तहत ई-केवाईसी और आधार से लिंक बैंक खाते, पेन कार्ड का सत्यापन किया जा रहा है। इसमें कुछ गड़बड़ियों की जानकारी मिली है। विभागीय अधिकारियों को जांच करने कहा गया है। इसके बाद कार्रवाई होगी।

**- संजय अग्रवाल,** कलेक्टर

### एक लाख से अधिक निष्क्रिय आधार भी

सत्यापन में एक लाख 5 हजार से अधिक निष्क्रिय आधार धारकों के नाम भी सामने आए हैं, जिन पर राशनकार्ड बने हैं। इसमें बिलासपुर में 5841, कवर्धा में 8701, जशपुर में 5681, रायपुर में हजारों निष्क्रिय पहचान से राशन उठाया जा रहा है। जांच में पुख्ता प्रमाण मिलने के बाद इन राशन कार्डों को निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ऐसे सभी कार्डों को ऑनलाइन ब्लॉक करना शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार कार्ड ब्लॉक करने पर किसी को आपत्ति है तो वे राशन दुकानदारों या विभाग के पास आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं।

**यथास्थिति का आदेश :** निगम ने सात दिन में जगह खाली करने का नोटिस जारी किया था

# बृहस्पति बाजार के 450 से अधिक सब्जी व्यापारियों को हटाने पर हाईकोर्ट की रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बृहस्पति बाजार के सब्जी व्यापारियों को हटाने और तोड़फोड़ पर फिलहाल हाईकोर्ट ने रोक लगाते हुए यथास्थिति बनाए रखने का आदेश जारी किया है। निगम आयुक्त को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई 5 जनवरी वाले सप्ताह में तय की गई है।

दरअसल निगम ने बाजार के 450 से अधिक चबूतरे वालों को सात दिन में जगह खाली करने का नोटिस जारी किया था। साथ ही नए रिवर व्यू में शिफ्ट होने कहा गया था। इसके खिलाफ व्यापारियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें निगम की नोटिस को गलत बताया गया था। व्यापारियों की ओर से कहा गया था कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के निगम सब्जी व्यापारियों को जो कि सालों से उसी जगह पर अपना बाजार कर रहे हैं हटा रहा है। नई जगह पर निगम ने कोई व्यवस्था भी नहीं की है। रिवर व्यू में धूल उड़ रही है तो शेड और चबूतरे नहीं बनाए गए हैं। सब्जियों के साथ ही व्यापारियों की सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

शहर के प्रमुख चिल्हर सब्जी बाजारों में से एक बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाए जाने की योजना दो साल से चल रही है। निगम दो सालों में इसके लिए जगह ही तय नहीं कर सका। अब अधिकारी इसे नए सिरे से शुरू करने की बात कह रहे हैं। इसके लिए निगम की टीम पिछले कुछ दिनों से बृहस्पति बाजार का सर्वे कर रही है। इस दौरान दुकानों में क्या कारोबार हो रहा, किराएदार है कि मालिक और कितने वर्गफिट की दुकानें हैं कि रिपोर्ट तैयार की गई। इसके बाद 16 दिसंबर की शाम को निगम अमले ने सभी दुकानों में नोटिस चस्पा कर दिया। इसमें लिखा कि सात दिनों में जगह खाली कर दी जाए नहीं तो निगम एकतरफा तोड़फोड़ कार्रवाई करेगा।

शेड और चबूतरे नहीं बनाए गए, सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं की



**नोटिस की प्रकिया का पालन नहीं**

निगम की नोटिस से हड़कंप मच गया। व्यापारी इसे तानाशाही बता रहे हैं और ऐलान किया गया है कि निगम ने जबरदस्ती जगह खाली करने दबाव डाला तो शहर में सब्जी आपूर्ति ठप कर दी जाएगी। इसके साथ ही हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। इसमें कहा गया कि निगम मनमानी कर रहा है। नोटिस देने की प्रक्रिया का पालन भी नहीं किया जा रहा है। पहले नोटिस में कम से कम 30 दिनों की मोहलत दी जाती है लेकिन निगम सिर्फ सात दिनों में हटने को कह रहा है। यह किसी तरह से जायज और संभव ही नहीं है। व्यापारी सालों से इसी जगह पर कारोबार करके अपना परिवार पालते हैं। बाहर से आ रही सब्जियां भी बड़ी गाडियों में आकर यहीं रुकती हैं। अब नई जगह पर बिना किसी व्यवस्था के शिफ्ट होना कैसे संभव होगा। कई व्यापारी लीजधारी हैं इसके बाद भी हटाया जा रहा है।

### रिएलाटमेंट के लिए कोई गाइडलाइन तैयार नहीं

दायर याचिका में कहा गया कि निगम नई जगह पर शिफ्टिंग के साथ ही मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाए जाने के बाद व्यापारियों को फिर से जगह एलाट करने की बात कह रहा है लेकिन निगम ने इसके लिए पहले से कोई गाइडलाइन तय नहीं की है। नया बाजार बन जाने के बाद किन व्यापारियों को कितनी जगह, किन शर्तों पर दी जाएंगी इस बारे में निगम का कोई अधिकारी बोलने को तैयार नहीं है। क्या निगम जगह एलाट के लिए किराया या प्रीमियम लेगा और हां तो कितना इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। याचिका में यह भी कहा गया कि इसी तरह इमलीपारा के व्यापारियों को हटाकर उन्हें रिएलाटमेंट की बात कही गई थी लेकिन अब वे सभी व्यापारी दो साल से परेशान हैं और निगम नए लोगों को जगह दे रहा है।

### पुनर्स्थापन की व्यवस्था पर हो रहा विचार

ध्यान रहे कि पिछले सप्ताह निगम ने यहां के व्यापारियों को नोटिस देते हुए दस्तावेज जमा करने कहा था। निगम की ओर से कहा गया था कि बाजार स्थल पर एक नया प्रोजेक्ट लाया जा रहा है ताकि पात्र चबूतरा लाइसेंस धारकों, सब्जी विक्रेताओं को बेहतर जगह मिल सके। अधिकारियों के मुताबिक इस उद्देश्य से, एक नया कॉम्प्लेक्स, मार्केट कॉरिडोर का अनुमोदन हो चुका है। इसी प्रस्तावित योजना के अंतर्गत, दस्तावेजों की जांच, पात्रता निर्धारण के अनुरूप, वर्तमान में वैध रूप से कार्य कर रहे चबूतरा लाइसेंसी / सब्जी विक्रेताओं के पुनर्स्थापन की व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है। निगम ने सब्जी व्यापारियों से चबूतरा लाइसेंस, अनुमति पत्र, पहचान पत्र, शुल्क, लाइसेंस फीस, जमा रसीदें, किसी पूर्व आवंटन, नवीनीकरण आदेश के दस्तावेज पेश करने कहा था। इसके बाद 217 व्यापारियों ने दस्तावेज पेश किया है जबकि बाकि ने समय मांगा है।

**कोहरे के कारण विजिबिलिटी घटी**



# शीतलहर : दोपहर को गर्म कपड़े पहनने की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सर्द हवाओं का सितम जिले में और भी सख्त हो चुका है। आलम यह है कि सर्द हवाओं के कारण दोपहर को भी गर्म कपड़े पहनने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। शाम और सुबह के समय बिना साल स्वेटर के बाहर निकलना लोगों के लिए भारी पड़ सकता है। मौसम जानकारों के मुताबिक अगले 7 दिनों तक ठंड बढ़ सकती है।

उत्तर से आ रही सर्द हवाओं ने शीतलहर का आगाज कर दिया है, अगले 4 से 5 दिन ठंड अपने पूरे शबाब में रहेगी। इस दौरान कोहरा भी मंडरा रहा है, सुबह के समय विजिबिलिटी महज 15 से 25 मीटर रह गई है। इस दौरान परिवहन विभाग ने भी बड़े वाहन चालक और संचालकों से हाईवे पर वाहन चलाने को लेकर गाइडलाइन दे दी है। इस दौरान ठंड धीरे-धीरे बढ़ रही है, लोगों को सर्द हवाओं से बचने के लिए दिन में भी गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दोपहिया वाहन चालकों को मुसीबत झेलनी पड़ रही है। शाम के समय आउटर में ज्यादातर जगहों पर अलावा जलता दिखाई दे रहा है। वहीं इस दौरान ठंड से निजात पाने के लिए चाय के ठेले पर भी महफिलें जम रही है।

**जिलों का न्यूनतम पारा**

| | |
|---|---|
| बिलासपुर | 11.4 डिग्री |
| रायपुर | 9.4 डिग्री |
| पेण्ड्रारोड | 7.4 डिग्री |
| अंबिकापुर | 5.8 डिग्री |
| दुर्ग | 8.2 डिग्री |



- सर्द हवाओं ने कम किया धूप के तेवर
- कोहरे के कारण 15 मीटर रह गई विजिबिलिटी



### सर्दी और जुकाम के मरीज बढ़े

सर्दी बढ़ने का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। बच्चे और बुजुर्गों को ठंडी हवाओं के जद में आते ही सर्दी और जुकाम की समस्या हो रही है। बुजुर्ग व्यक्तियों को इस दौरान वात रोग, बीपी और न्यूरो की समस्या झेलनी पड़ रही है। सिम्स के डॉ आशुतोष कोरी ने बताया कि इस दौरान बुजुर्ग लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस सीजन में खुन को बहाव धीमा होने के कारण लकवा और हृदय रोग की समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उन्हें शरीर को सर्द हवाओं के चपेट में आने से बचाना चाहिए।

# मेटाडोर सहित साढ़े तीन लाख का 114 क्विंटल धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दो अलग-अलग मामलों में पुलिस और मंडी विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई में 114 क्विंटल अवैध धान जब्त किया है। जब्त धान की अनुमानित कीमत करीब साढ़े तीन लाख रूपए है। टीम के द्वारा दगौरी व पौंसरा में भी दो संस्थानों में छापामार कार्रवाई कर धान की जब्ती की गई है।

प्रशासन के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में कृषि उपज मंडी समिति बिलासपुर के क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दगौरी में संयुक्त जांच दल द्वारा शत्रुघ्न कौशिक के संस्थान से 28 क्विंटल (70 कट्टी) एवं ग्राम पौंसरा में सुखसागर सूर्यवंशी के संस्थान से 26 क्विंटल (65 बोरी) धान जब्त किया गया। इनके विरूद्ध मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। इनसे जब्त धान की कुल कीमत लगभग 1 लाख 67 हजार रूपए है।

इसी तरह एक अन्य मामले में कोटा से रतनपुर के बीच धान का अवैध परिवहन करते एक मेटाडोर को जब्त किया गया है। वाहन क्रमांक सीजी 10 बीवी 6881 में 150 बोरी, करीब 60 क्विंटल धान लादकर कोटा से रतनपुर लाया जा रहा था, जिसे पेट्रोलिंग की टीम के द्वारा कंचनपुर के पास पकड़ लिया गया। मामले में खाद्य निरीक्षक कोटा, तहसीलदार रतनपुर एवं मंडी उपनिरीक्षक कोटा के द्वारा मंडी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए जब्त वाहन को रतनपुर थाने के सुपुर्द किया गया है।



- दो अलग-अलग मामलों में की गई कार्रवाई
- दो संस्थानों में भी छापामार कार्रवाई

### चलता रहेगा अभियान

कोटा-रतनपुर के बीच कंचनपुर में वाहन सहित एवं पौंसरा व दगौरी में किराना दुकानों से कुल 114 क्विंटल धान जब्त किया गया है। जब्त धान की अनुमानित कीमत करीब साढ़े तीन लाख रूपए है। छापामार अभियान अभी इसी तरह चलता रहेगा।

**- अमृत कुजूर**
खाद्य नियंत्रक

**लोगों को मूलभूत सुविधाएं निर्बाध रूप से मिले, इस पर कार्य करेंगे**

# शासन की योजनाओं को समय पर पूरा करना प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आईएएस प्रकाश कुमार सर्वे ने सोमवार को नए नगर पालिक निगम कमिश्नर तथा एमडी स्मार्ट सिटी के रूप में पदभार ग्रहण किया। ज्वाइन करने के साथ ही कमिश्नर श्री सर्वे ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निगम तथा स्मार्ट सिटी के अंतर्गत चल रही योजनाओं की जानकारी ली।

इस दौरान कमिश्नर श्री सर्वे ने कहा की शासन की जो योजनाएं है उन्हें बेहतर तरीके से समय पर पूरा करना तथा उसका लाभ शहरवासियों को मिलें यह उनकी प्राथमिकता है। श्री सर्वे ने कहा कि निगम के जितने भी कार्य है उन सभी को शहरवासियों के सहयोग से पूरा करने का प्रयास होगा। इससे पहले निगम के प्रभारी कमिश्नर खजांची कुम्हार ने नवनियुक्त कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे को पदभार सौंपा।

हरिभूमि से बात करते हुए नए निगम आयुक्त ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में बिलासपुर का पूरे देश में दूसरा स्थान है, गौरवान्वित करने वाला है, इसे प्रथम स्थान पर लाने के लिए कार्य करेंगे। स्वच्छता एक सतत रूप से चलने वाली और अनिवार्य प्रक्रिया है,जिसका क्रियान्वयन प्राथमिकता और गुणवत्ता के साथ होनी चाहिए, शहर वासियों के साथ मिलकर सभी के सहयोग से इस पर कार्य करेंगे ताकि आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में बिलासपुर को पहला रैंक मिल सके।



- नए नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने किया पदभार ग्रहण

### अरपा के संरक्षण के लिए काम करेंगे

नए आयुक्त ने कहा कि अरपा नदी बिलासपुर की जीवनदायिनी है। उसे प्रदूषण से बचाने तथा एक नई पहचान देने के लिए अरपा उत्थान एवं तट संवर्धन योजना और अन्य योजनाओं पर काम जारी है, जिसका क्रियान्वयन गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर किया जाएगा। इसके साथ ही बिलासपुर को और भी बेहतर और विकसित बनाने के लिए सभी से सुझाव लेकर कार्य किया जाएगा।

### नए शामिल क्षेत्रों में सुविधाओं पर रहेगा ध्यान

निगम आयुक्त श्री सर्वे ने कहा कि निगम सीमा में जो नए क्षेत्र शामिल हुए हैं उन्हें वहां सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा उन क्षेत्रों में विकास कार्यों का क्रियान्वयन किया जाएगा। कमिश्नर श्री सर्वे ने कहा की कोई भी कार्य अकेले नहीं किया जा सकता सभी के सहयोग से कार्य सफ़ल होता है। एक बेहतर टीम वर्क के साथ शहर को सुंदर बनाने का कार्य किया जाएगा।

### नहर निर्माण : भू-अर्जन के लिए समाघात दल ने की अनुशंसा

**बिलासपुर।** जिले के बेलगहना तहसील के उपका गांव में मुख्य नहर निर्माण के लिए भूमि का अर्जन किया जाना है। सामाजिक समाघात दल ने ग्राम उपका में भू-अर्जन से पड़ने वाले प्रभाव का आंकलन किया। मूल्यांकन में पाया गया कि उपका गांव में भू-अर्जन से 0.20 एकड़ भूमि प्रभावित हो रही है जिसका समाघात दल ने किसानों से भी सहमति लिया और पाया कि अर्जित भूमि से कोई मकान आदि प्रभावित नहीं हो रहा है और न ही किसी भी परिवार के विस्थापन की संभावना है। अधोसंरचना पर कोई बाधा नहीं है तथा अधोसंरचना का कार्य प्रभावित नहीं हुआ है। समाघात दल इस बात से संतुष्ट है कि जल संसाधन विभाग को जितनी भूमि की आवश्यकता है उतनी ही भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। समाघात दल ने ग्राम उपका तहसील बेलगहना के अंतर्गत जल संसाधन संभाग पेण्ड्रारोड के नहर निर्माण हेतु ग्राम उपका में रकबा 0.20 एकड़ भूमि का अर्जन लोकहित में किए जाने की अनुशंसा की है।

**खबर संक्षेप**

## राकेश रंजन ने ग्रहण किया डीआरएम का पदभार



**बिलासपुर।** राकेश रंजन ने बिलासपुर रेल मंडल के नए डीआरएम का पदभार ग्रहण कर लिया है। परिचय प्राप्त करने के बाद नए डीआरएम ने सभी बिलासपुर डिवीजन के अफसरों की मैराथन बैठक लेकर यात्री सुविधाओं के अलावा माल लदान के संबंध में चर्चा की। इसमें मुख्य रूप से पूर्व डीआरएम राजमल खोईवाल भी शामिल हुए। सोमवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर डिवीजन के डीआरएम का पदभार राकेश रंजन ने ग्रहण करने के बाद सभी शाखा अधिकारी के साथ अनौपचारिक बैठक लेकर संचालित विभिन विकास कार्यो एवं परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी लेकर प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। राकेश रंजन भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियर्स सेवा आईआरएसएसई के 1996 बैच के अधिकारी हैं। बिलासपुर मंडल में पदस्थापना से पहले वे पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर में चीफ सिग्नल इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने बरौनी एवं गोरखपुर में एएसटीई, इंडियन रेलवे इंस्टीट्यूट आफ सिग्नल इंजीनियरिंग एंड टेलीकम्यूनिकेशन आईआरआईएसईटी हैदराबाद में प्रोफेसर, रेलटेल कार्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड में निदेशक, रेलवे बोर्ड नई दिल्ली में कार्यकारी निदेशक टेलीकॉम डेवलपमेंट तथा सेंट्रल इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड दिल्ली में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। रेलटेल कार्पोरेशन में निदेशक के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान नई पीढ़ी के एक्सल काउंटर एवं आईपी आधारित एक्सचेंज प्रणालियों के विकास एवं सफल कार्यान्वयन में उल्लेखनीय योगदान रहा।

## तेलुगू संयुक्त समाज के सामुदायिक भवन का मेयर ने किया निरीक्षण



**बिलासपुर।** तेलुगू नववर्ष उगादी पर्व पर तेलुगू संयुक्त समाज का भव्य सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया जाएगा। भवन को पूर्ण होने में अंतिम चरण का कार्य प्रगति पर है। समिति के जी रविकन्ना ने बताया कि 22 दिसंबर को महापौर पूजा विधानी द्वारा तेलुगू संयुक्त समाज का निर्माणाधीन सामुदायिक भव्य भवन, शासकीय अस्पताल , हेमू नगर चौक में बन रहे सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया गया है। मेयर ने कहा कि 18 मार्च 2025 को तत्कालीन मंत्री एवं विधायक अमर अग्रवाल ने भूमि पूजन कर सामुदायिक भवन का निर्माण का कार्य शुभारंभ किया था। आज महापौर पूजा विधानी द्वारा निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया गया। महापौर ने सामुदायिक भवन को जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन दिया है। निरीक्षण के समय व्ही मधुसूदनराव एवं सचिव जे जगन पटनायक, पार्षद एवं जोन अध्यक्ष एम श्रीनू, ए ईश्वर राव, के वेंकट राव, जी सन्मुख राव, जगन मोहन राव, जी व्ही नरसिंग मूर्ति, एन संतोष, अमरनाथ बद्री, बुड्डा रामाराव, पी भीष्मा राव, एन भास्कर राव, मदन कुमार नायडू, पी कामेश्वर राव, पी श्रीनू ,के अप्पल राजू, व्ही वेंकट राव, केशव राव, जे मीरा आदि मौजूद थे।

## हिंदू सम्मेलन में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति, फैंसी ड्रेस स्पर्धा में जीते पुरस्कार




**बिलासपुर।** खपरगंज बस्ती का हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल लाजपत राय नगर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्णेन्दु भट्ट तथा मुख्य अतिथि प्राचार्य लाजपत राय स्कूल की अनामिका तिवारी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी मंच पर उपस्थित थे। मुख्य वक्ता श्री भट्ट ने हिंदू समाज पर प्रकाश डाला। ईश्वर रजक एवं युगल शर्मा द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई। बच्चों के द्वारा रंगारंग फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 35 बच्चों ने भाग लिया। इसमें प्रथम पुरस्कार राध्या देवांगन, द्वितीय दिशा कुशवाहा तथा तृतीय हर्षिता रजक एवं दो सांत्वना पुरस्कार नंदिता साव एवं प्रवीण रजक को दिया गया। 30 बच्चों को भी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। निर्णायक समिति में ज्योति मिश्रा, सरबजीत कौर, विकास बाजपेई रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश मिश्रा तथा अमित तिवारी ने किया। कार्यक्रम में दिग्विजय सिंह, गोपाल शर्मा, छेदीलाल सराफ, भूपेंद्र शर्मा, राजेश मिश्रा, रवि वर्मा, सरिता सराफ, स्नेह लता शर्मा, संदीप सोनी, विकास बाजपेई, बाबा राव, राकेश मिश्रा, प्रवीण वर्मा, प्रदीप वर्मा, अमित तिवारी, युगल शर्मा, जगदीश साहू, राजेश शुक्ला, अनूप मिश्रा, अशोक मिश्रा, सतीश यादव, अमर रुपानी, मोनू रजक ,राहुल, रोहित, मयूर, विराज सोनी, दिव्यांश वर्मा आदि उपस्थित थे।

## केसरी बने भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री



**बिलासपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की सूची में शहर के युवा नेता सन्नी केसरी ने अपनी जगह बनाई है। प्रदेश संगठन के द्वारा उन्हें प्रदेश मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गयी है, प्रदेश की राजनीति में लगातार सक्रिय रहने वाले सन्नी केसरी वर्तमान में भाजयुमो के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वा रायगढ़ जिला प्रभारी रहे हैं। इससे पहले लोकसभा चुनाव में भी भाजयुमो की तरफ से जांजगीर लोकसभा प्रभारी रहते हुए उन्होंने अपने संगठनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया है और विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के द्वारा निकाली गई परिवर्तन यात्रा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

## श्रीमद् भागवत कथा का समापन श्रद्धालुओं ने लिया भक्ति का लाभ

**बिलासपुर।** ग्राम मस्तूरी में स्व. रामकृष्ण तिवारी की स्मृति में 13 दिसंबर से प्रारंभ श्रीमद भागवत कथा का समापन 22 दिसंबर को हो गया। इस पावन अवसर पर कथा व्यास परम श्रद्धेय पं. श्री दीपक कृष्ण महाराज, ग्राम घघरा (खरसिया) विराजमान होकर श्रद्धालुजनों को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करा रहे हैं। आज कथा के सुदामा चरित्र, योगेश्वर संवाद, परीक्षित मोक्ष, जैसे अत्यंत प्रेरणादायी प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। जो भक्ति, वैराग्य, सदाचार तथा नाम-स्मरण की महिमा को उजागर करेंगे।

**पुलिस मैदान में आयोजित होगा कवि सम्मेलन** हंसी और ठहाकों की होगी बारिश, स्टेडियम में कलाकार देंगे रंगारंग प्रस्तुति

# बहतराई स्टेडियम में राज्य युवा महोत्सव का सीएम करेंगे उद्घाटन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तीन दिवसीय राज्य युवा महोत्सव का आयोजन बहतराई इंडोर स्टेडियम में 23 दिसंबर से प्रारंभ किया जा रहा है। इसका शुभारंभ शाम 6.30 बजे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे। इस दौरान श्री साय खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स का भी शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरूण साव करेंगे। विशिष्ट अतिथि केंद्रीय आवास राज्यमंत्री तोखन साहू, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल होंगे।

राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई में 23 दिसम्बर को शाम 5 बजे से 6 बजे तक आरूग बैंड की प्रस्तुति, उद्घाटन समारोह शाम 6.30 बजे से 6.45 बजे तक, मलखंब की प्रस्तुति शाम 6.45 बजे से 7 बजे तक होगी। इसके ठीक बाद खेलो इंडिया की लॉन्चिंग सेरेमनी शाम 7 बजे से 8 बजे तक होगी। मुख्यमंत्री श्री साय पुलिस मैदान में आयोजित कवि सम्मेलन में रात 8.30 शामिल होंगे। जहां सुप्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास एवं टीम की प्रस्तुति देंगे। 24 दिसम्बर को शाम 5 बजे से 7.30 बजे तक स्वपनिल बैंड की प्रस्तुति एवं रात 8 से 10 बजे तक काफिला बैंड का कार्यक्रम होगा। 25 दिसम्बर को शाम 5 बजे से 7 बजे तक आरू साहू की प्रस्तुति, पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह शाम 7 बजे से 8 बजे तक होगा। इसके पश्चात रात 8 से 10 बजे तक दायरा बैंड की प्रस्तुति होगी।



बहतराई स्टेडियम में राज्य युवा महोत्सव के उद्घाटन समारोह की तैयारी में जुटा प्रशासन।

तीन दिन चलने वाले राज्य युवा महोत्सव में कलाकार एवं प्रतिभागियों द्वारा लोकनृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोकगीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, नवाचार, एकांकी, पारंपरिक वेशभूषा एवं रॉकबैंड जैसी विभिन्न विधाओं की प्रस्तुति देखने को मिलेगी।

### उद्घाटन समारोह में होंगे अतिथि

उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, दयालदास बघेल, केदार कश्यप, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, ओपी चौधरी, लक्ष्मी राजवाड़े, टंकराम वर्मा, गजेन्द्र यादव, राजेश अग्रवाल, गुरू खुशवंत साहेब, विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, धरमजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, दिलीप लहरिया, अटल श्रीवास्तव, महापौर पूजा विधानी, राजेश सूर्यवंशी, भूपेन्द्र सवन्नी, राजा पाण्डेय, विश्व विजय सिंह तोमर एवं रजनीश कुमार सिंह शामिल होंगे।

चौक-चौराहों में पथसंचलन का विभिन्न संगठनों ने किया स्वागत

# गुरु घासीदास जयंती पर वंदे मातरम मित्र मंडल ने किया भव्य पथसंचलन



पंथसंचलन करते मित्र मंडल के कार्यकर्ता।




बैठक में शामिल मंडल के पदाधिकारी और सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वंदे मातरम मित्र मंडल की 228वीं बैठक सामाजिक समरसता एवं "संगठन गढ़े चलो" के संकल्प के साथ संत गुरु घासीदास की जयंती पर भव्य पथसंचलन के रूप में आयोजित की गई। इसका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़कर सनातनी एकता के भाव को सुदृढ़ करना रहा।

तारबाहर स्थित आत्मानंद स्कूल से वंदे मातरम मित्र मंडल के कार्यकर्ता केसरिया जैकेट पहनकर, संघ घोष के साथ पूर्ण अनुशासन एवं संयमित तरीके से पथसंचलन में सम्मिलित हुए। सनातनी एकता – संगठन गढ़े चलो के संदेश के साथ निकले इस पथसंचलन ने नगर में सामाजिक समरसता का प्रभावी संदेश दिया। इस दौरान नगर के विभिन्न स्थलों पर समाजों एवं महिला मंडलों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। स्कूल के पास मालती चौकसे एवं महिला मंडल, शीतला मंदिर के पास रामकुमार सेठी परिवार, तारबाहर नाका चौक पर हलवाई गुप्ता समाज महिला मंडल, सीएमडी कॉलेज चौक में महापौर पूजा विधानी के साथ भाजपा दक्षिण एवं रेलवे मंडल महिला मोर्चा, विद्यानगर त्रिपुरा मेडिकल के पास केसरवानी महिला समिति व विद्यानगर महिला मंडल, आयुष मेहता के निवास के पास कॉलोनी की महिलाओं ने स्वागत किया। इसी तरह चौहान बाड़ा में योगेश चौहान परिवार, पूजाश्री दुकान के पास महिला मंडल, सहगल गली में अशोक तिवारी, रजनी अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, विपिन मिश्रा, श्रीकांत झा, दिव्या सिंह के निवास के पास, पार्षद गणेश रजक के निवास के पास, अंबा टावर महिला मंडल, दुर्गा मंदिर महिला समिति, आटा चक्की के पास ममता मिश्रा व अन्य सदस्य, मधुसूदन राव के निवास पर महिला मंडल, तालाब के पहले अजय रजक परिवार, तालाब मंदिर के पास अनुराधा एवं महिला सदस्य तथा डॉ. मनमोहन दत्त के निवास के पास संध्या चौधरी व महिला टीम द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम की प्रमुख व्यवस्थाएं धीरेंद्र केशरवानी, पूर्व पार्षद विनोबा नगर द्वारा की गईं। मुख्य अतिथि राजकुमार सचदेव ने मंडल के प्रयासों को सनातनियों को जोड़ने का प्रभावी माध्यम बताया। संयोजक महेंद्र जैन ने कहा कि सभी सनातनियों को एक मंच पर लाकर परिचय, मेल-मिलाप और एकता को सुदृढ़ करना ही संगठन का लक्ष्य है। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग राजेश पाल को सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन धीरेंद्र केशरवानी ने किया। संगठन गीत जयप्रकाश लाल ने लिया।

### आत्मानंद स्कूल में वंदे मातरम मित्र मंडल की हुई बैठक

पथसंचलन की समाप्ति के पश्चात आत्मानंद स्कूल में वंदे मातरम मित्र मंडल की बैठक हुई। इसमें विनोद जैन, पार्षद गणेश रजक, बी. के. पाण्डेय, विवेक कुमार अग्रवाल, दीपक जैन, राजकुमार समुदे, जवाहर सराफ , राधेश्याम सिंह, विनोद मेघानी, सिद्धार्थ भट्टाचार्य, डॉ. संजय मेहता, मधुसूदन राव , तिलक साहू, धनीराम यादव, विकास साह, हेमंत केसरवानी, मनीष गुप्ता, शैलेंद्र कश्यप, रत्नेश अग्रवाल, विनोद जेहर, शिवा कश्यप प्रमुख रहे। अतिथियों का सम्मान महेंद्र जैन, जय सिंह चंदेल, जयप्रकाश लाल, पी. पी. सोनी, एस. एन. तिवारी, नरेश यादव, मुख्य अतिथि राजकुमार सचदेव उपस्थित रहे।

एजुकेशन प्लस



## चौकसे कॉलेजेस में सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन 7 से

**बिलासपुर।** चौकसे ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस द्वारा 7 जनवरी से चार दिवसीय टेक्नो-ए टीच 7.0 का आयोजन 7,8,9 एवं 10 जनवरी को होने जा रहा है । टेक्नो-ए टीच महाविद्यालय द्वारा आयोजित टेक्निकल और कल्चरर इवेंट्स का समागम है।

महविद्यालय इस आयोजन के साथ अपने 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती का उत्सव जोरशोर से मनाने जा रहा है। जिसमे बड़े बड़े सेलेब्रिटी और जननायक सम्मिलित होकर इस आयोजन को और शानदार बनाएंगे। महाविद्यालय यह आयोजन आरपी टेलिकॉम, किंग कालिस डेवलपर्स, सरदार जी बिल्डिंग सलूशन, नाकोडा टाइल्स डिपो, मीनाक्षी ट्रेडर्स तथा पारस इंटरप्राइजेज के संयोजन में धूमधाम से मना रहा है। महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ आशीष जायसवाल ने बताया कि हमारा यह इवेंट विद्यार्थियों के लिए विद्यार्थियों के द्वारा आधार पर आयोजित किया जाता है, हर बार की तरह इसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी, जिसमे टेक्निकल इवेंट के अंतर्गत टेक्निकल ट्रेसर हंट, एल्गो वार, टेक्निकलकेबीसी, रोबो मेनिया एवं एआईएड-मेनिया इत्यादिप्रतियोगिता शामिल हैं। इनोवेशन और अकादमिक एरीना के अंतर्गत लाइव प्रोजेक्ट डिस्प्ले, कोर्ट रूम कलेशतथाफार्मा टेलेंट हंट प्रतियोगिता भी होगी। 10 जनवरी को चौकसे महाविद्यालय समूह के भूतपूर्व विद्यार्थियों का मिलन समारोह होगा। इसमें 2005 से लेकर आज तक के सभी एलुमनी आमंत्रित हैं। इसी शाम वे सेलिब्रिटी नाइट का आनंद भी उठा सकेंगे।सभी प्रतियोगिताओ के लिए रजिस्ट्रेशन चल रहे है। विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों टेक्नो टेक टीच के रजिस्ट्रेशन लिंक महाविद्यालय के वेबसाइट **www.techfest.cecbilaspur.ac.in**में उपलब्ध है। इन प्रतियोगिताओं में विजेताओं को लगभग 2 लाख 50 हजार रुपए जितने का मौका मिलेगा। इसमें मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन रवि गुप्ता, सुप्रसिद्ध बॉलीवुड मायक पियूष महरोलिया, गायिका एवं एक्टर दीपिका साव डीजे श्रेया आएंगे।

## कर्नल्स अकादमी में फन फेयर का भव्य आयोजन



**बिलासपुर।** कर्नल्स अकादमी ऑफ रेडिएंट एजुकेशन में 20 दिसंबर को वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी एवं फन फेयर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, महापौर पूजा विधानी, विशिष्ट अतिथियों में कर्नल जेम्स लाल, कमांडर संदीप मुरारका, डॉ. गोपाल मुखर्जी एवं कर्नल वाई. एस. दुबे शामिल रहे।

आनंद विद्या निकेतन के विशेष कलाकार की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अतिथियों ने विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब का भी अवलोकन किया, जहाँ विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक कार्यशील मॉडल प्रदर्शित किए गए। विज्ञान प्रदर्शनी में स्मार्ट सिटी मॉडल, जल शुद्धिकरण प्रणाली तथा प्लास्टिक प्रदूषण जैसे विषयों पर आधारित परियोजनाएँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। फन फेयर में विभिन्न व्यंजन स्टॉल, लकी ड्रा कूपन तथा विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। यह आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, अनुसंधान क्षमता, रचनात्मकता एवं टीमवर्क को विकसित करने में सहायक सिद्ध हुआ। कार्यक्रम विद्यालय की प्रबंधन समिति, प्रबंध निदेशक कैप्टन आर. के. त्रिपाठी, निदेशक डॉ. गीता त्रिपाठी, सामान्य सचिव आशीष राज त्रिपाठी एवं अनुज राज त्रिपाठी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार साहू एवं उप-प्राचार्या आराधना सिंह ने कार्यक्रम की सराहना की। समापन लकी ड्रा विजेताओं की घोषणा, पुरस्कार वितरण एवं राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

## प्रवीण सहित छठ माता के भक्तों ने किया रौशन का सम्मान



**बिलासपुर।** राम भक्त प्रवीण झा के नेतृत्व में आयोजित सम्मान समारोह में रौशन सिंह को राम पटका और श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया गया।

श्री झा ने कहा कि भाजपा की परंपरा रही है कि वह ऐसे युवाओं को आगे बढ़ाती है, जो पद की नहीं, बल्कि दायित्व की राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि रौशन सिंह ने लंबे समय से संगठन के कार्यक्रमों में सक्रिय रहकर यह साबित किया है कि राजनीति के माध्यम से भी राष्ट्रसेवा की जा सकती है। उनका आचरण, व्यवहार और कार्यशैली युवाओं के लिए प्रेरणा है। यही कारण है कि संगठन ने उन्हें प्रदेश स्तर पर भूमिका सौंपी। छठ माता के भक्तों ने कहा कि रौशन सिंह सिर्फ राजनीति में ही नहीं शहर के सामाजिक धार्मिक सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इस अवसर पर अशोक झा, अमरेंद्र कंठ, राम प्रताप सिंह, सुधीर झा, धनंजय झा, चंद्र किशोर प्रसाद, राजीव गिरी,अजीत पंडित,रविंद्र कुशवाहा, वीरेंद्र तिवारी,प्रमोद सिंह,शशि मिश्रा,हरी शंकर कुशवाहा, विजय दुबे, सतीश सिंह,विनोद सिन्हा,शिव प्रसाद आगरे, कुंदन ठाकुर, सन्नी गोस्वामी मौजूद थे।

## डॉ. रायजादा को मिला छग का प्रो. एसके तिवारी ओरशन अवार्ड




**बिलासपुर।** बिलासपुर स्थित साईं बाबा हॉस्पिटल के संचालक एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अविजित रायजादा को चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिष्ठित "प्रो. एस. के. तिवारी ओरशन अवार्ड" प्रदान किया गया है। यह सम्मान उन्हें मधुमेह जनित नेफ्रोपैथी विषय पर किए गए उनके उल्लेखनीय अकादमिक, शोधात्मक एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यों के लिए प्रदान किया गया। गुणवत्ता मूल्यांकन तथा सामाजिक स्वास्थ्य चेतना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिया जाता है। उल्लेखनीय कार्य डॉ. अभिजीत रायजादा द्वारा मधुमेह से उत्पन्न किडनी रोग पर किया गया कार्य न केवल शैक्षणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसका प्रत्यक्ष लाभ आम मरीजों तक भी पहुँचा है। उन्होंने इस विषय पर समय रहते निदान, रोकथाम, उपचार की रणनीतियाँ तथा जीवनशैली में सुधार जैसे पहलुओं पर विशेष बल दिया है। यह मेरे सभी शिक्षकों, सहयोगियों, चिकित्सा स्टाफ और उन मरीजों की प्रेरणा का परिणाम है, जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया। मधुमेह और उससे जुड़ी किडनी बीमारियाँ आज एक गंभीर चुनौती हैं।

**सुदर्शन और तेली समाज की टीम के बीच होगा उद्घाटन मैच**

# फाउंडेशन एकेडमी में सोसाइटी प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में सोसाइटी प्रीमियर लीग फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता 23 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है।

पूर्व बीडीए अध्यक्ष स्व. शेख गफ्फार की स्मृति में उनकी पुण्यतिथि पर पिछले 6 साल से सोसाइटी प्रीमियर लीग फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शहर के विभिन्न समाजों की 32 टीम यहां प्रदर्शन करेगी। आज उद्घाटन समारोह में अतिथि पूर्व महापौर रामशरण यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान, कांग्रेस नेता महेश दुबे, राजेंद्र शुक्ला, पूर्व पार्षद रविंद्र सिंह ठाकुर, वी रामा राव होंगे। शाम 5 बजे सोसाइटी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच सुदर्शन समाज और तेली समाज की टीम के बीच खेला जाएगा। दूसरा मैच गुजराती समाज व सतनामी समाज की टीम के बीच होगा। तीसरा मैच यादव समाज और मराठा समाज के खिलाड़ियों के बीच होगा। चौथा मैच सोनी और वस्त्रकार समाज के बीच खेला जाएगा।

पांचवां मैच सोनकर समाज और प्रजापति समाज के बीच खेला जाएगा। उद्घाटन अवसर पर 5 मैच खेले जाएंगे, उसके बाद प्रतिदिन चार मैच खेले जाएंगे। सभी मैच 7-7 ओवरों के होंगे। 28 दिसंबर को 2 सेमीफाइनल मैच तथा 29 दिसंबर को फाइनल मैच के साथ ही पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

### विजेता टीम को 41 हजार 111 रुपए का नकद पुरस्कार

विजेता टीम को सोसाइटी प्रीमियर लीग कप के अलावा 41 हजार 111 रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। उपविजेता टीम को 21 हजार 111 रुपए का नकद पुरस्कार मिलेगा। इसके अलावा सात दिनों तक क्रिकेट प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को मैन ऑफ द मैच मैन ,ऑफ द सीरीज, बेस्ट बल्लेबाज बेस्ट बॉलर बेस्ट क्षेत्ररक्षण, और बेस्ट ड्रेस कोड का पुरस्कार दिया जाएगा। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने बताया कि पिछले 6 साल से स्वर्गीय शेख गफ्फार की स्मृति में सोसाइटी प्रीमियर लीग फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सभी समाज को क्रिकेट खेल के मैदान में एक बड़ा मंच भी दिया जा रहा है। इस आयोजन में सभी समाज की भागीदारी होती है।

## एसआईआर के तहत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन आज

**बिलासपुर।** निर्वाचक नामावली का गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर तहत डोर-टू-डोर मतदाताओं के सत्यापन के बाद मंगलवार 23 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। इसके साथ ही मतदाता सूची को लेकर एसआईआर अंतर्गत दावा-आपत्ति की प्रक्रिया भी चालू हो जाएगी। इसके लिए निर्वाचन कार्यालय की ओर से राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर जानकारी दी जाएगी।

एसआईआर अंतर्गत प्रारंभिक रूप से प्रकाशित मतदाता सूची में अगर किसी मतदाता का नाम छूट गया हो या फिर किसी तरह की कोई त्रुटि हो तो मतदाता निर्धारित अवधि तक दावा आपत्ति कर सकते हैं। इस पूरी प्रक्रिया के बारे में मंगलवार को निर्वाचन कार्यालय की ओर से मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक लेकर जानकारी दी जाएगी। इसके पूर्व मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर लिया जाएगा। एसआईआर का काम छत्तीसगढ़ में 4 नवंबर को शुरू हुआ था और पहले बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं के गणना फार्म वितरित किए गए, उसके बाद भरे हुए गणना फार्म को वापस जमा कराया गया। गणना फार्म भरने और डोर-टू-डोर मतदाताओं के सत्यापन के लिए सबसे पहले 4 नवंबर से लेकर 4 दिसंबर तक तिथि निर्धारित की गई थी। लेकिन निर्धारित अवधि तक बहुत से मतदाताओं ने गणना फार्म नहीं भरे थे, इसलिए निर्वाचन आयोग ने अंतिम तिथि को बढ़ाकर 11 दिसंबर किया था।


मो. हनीफ जी
को भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के
बिलासपुर शहर के जिला अध्यक्ष बनने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मो. हनीफ जी
(जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा बिलासपुर)
विनीत : तिफरा, सिरगिट्टी भाजपा मंडल

## खबर संक्षेप



### भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष बनीं डहरिया

**बोदरी।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष पुनीता डहरिया को बनाया गया है। इस नियुक्ति पर उन्होंने कहा कि, वे अपनी संपूर्ण शक्ति और सामर्थ्य के साथ कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर संगठन को सशक्त बनाने का कार्य करेंगी। इस अवसर पर बिल्हा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विश्वास मानिकपुरी, मंडल मंत्री धनेश्वरी डहरिया, रागिनी डहरिया एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### धान की बोरी सहित आंगन में खड़ी बाइक पार

**तखतपुर।** आंगन में खड़ी दुपहिया पर रखी धान सहित दूपहिया वाहन को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। जानकारी के अनुसार लिदरी निवासी सत्यकिरण महादेवा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, 15 दिसम्बर को रात 11 बजे वह अपनी दुपहिया सीजी 10 बीयू 5360 के उपर धान की कट्टी रखकर आंगन में खड़ा किया था। रात 3 बजे उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि, वाहन और धान की कट्टी दोनों गायब थी। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

## निधन

### आशीष महरोलिया



**बिलासपुर।** गोंड़पारा निवासी आशीष महरोलिया का 22 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 दिसंबर को दोपहर 2 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे दिनेश महरोलिया के पुत्र थे।

### उर्मिला देवी यादव



**बिलासपुर।** लोरमी निवासी उर्मिला देवी यादव का 22 दिसंबर को निधन हो गया। वे 65 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार लोरमी मुक्तिधाम में किया गया। वे बंशी यादव की पत्नी थीं।

### श्रीचंद बजाज



**बिलासपुर।** राजेन्द्र नगर निवासी श्रीचंद बजाज का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 23 दिसंबर को शाम 4 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व किशनचंद बजाज के सुपुत्र थे।

### राम गुलाम साहू



**बिलासपुर।** नयापारा संतोषी मंदिर चौक सिरगिट्टी निवासी राम गुलाम साहू का 22 दिसम्बर को निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 23 दिसंबर सुबह 11 बजे सिरगिट्टी मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### हेमलाल सोनी



**बिलासपुर।** शुभम विहार निवासी हेमलाल सोनी का 21 दिसंबर को स्वर्गवास हो गया। वे 75 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 22 दिसम्बर को सरकण्डा मुक्तिधाम में किया गया है। वे विनोद सोनी, विक्की सोनी और बीना सोनी के पिता थे।

### अंजनी देवी कश्यप



**तखतपुर।** ग्राम खम्हरिया निवासी अंजनी देवी कश्यप 82 वर्ष का 22 दिसम्बर को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार 23 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे खम्हरिया करनकापा में किया जाएगा। वे कामेश्वर , शशिकांत, ऋषि कुमार, गिरीश कश्यप, नूरिता कौशिक, विनोद, लक्ष्मीकान्त, प्रवेश, कैलाश की मां, भाजपा महामंत्री प्रदीप कौशिक की सास तथा जिपं. उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप की चाची थीं।

### जीवन लाल लास्कर



**तखतपुर।** ग्राम घुटकू निवासी जीवन लाल लास्कर 60 की वर्ष की आयु में 22 दिसम्बर को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम घानापार घुटकू में किया गया।

### बिशन सिंह आर्य



**तखतपुर।** ग्राम बराही निवासी बिशन सिंह आर्य का 60 वर्ष की आयु में 21 दिसम्बर को निधन हो गया। वे विक्रम, नामदेव और वीरेंद्र के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बराही में किया गया।

## राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने किया संस्थाओं का निरीक्षण

# मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर ध्यान देने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त संदीप शर्मा ने जिला मुंगेली का दौरा कर खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग तथा आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं संस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय उचित मूल्य दुकान, आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला तथा छात्रावास का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। श्री शर्मा ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में शिक्षा विभाग के मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग को पूरक पोषण कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती महिलाओं एवं 3 से 6 वर्ष आयु के बच्चों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन महिला स्व–सहायता समूहों द्वारा शासन के मानकों के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है, उनके स्थान पर शाला विकास समिति को दायित्व सौंपा जाएं। आयोग के अध्यक्ष ने आंगनबाड़ी केंद्रों में गैस सिलेंडर के उपयोग को अनिवार्य करने, केंद्रों में आने वाली सभी वस्तुओं का पंजी संधारण करने तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग को निर्देशित किया गया कि जिले की 9 ऑफलाइन शासकीय उचित मूल्य दुकानों में विशेष अभियान चलाकर ई–केवायसी की जाए, तथा शासकीय दुकानों में एपीएल चावल को बीपीएल स्टॉक से अलग रखा जाए। वन अधिकार अधिनियम एवं वन नेशन–वन राशन कार्ड योजना के तहत सभी पात्र राशन कार्डधारियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। साथ ही आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग को छात्रवासों में अधीक्षक की नियमित उपस्थिति, साफ–सफाई, रसोईघर व वाशरूम की विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए। बैठक में एडीएम निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



समीक्षा बैठक करते खाद्य आयोग के अध्यक्ष।

### भाजपा पदाधिकारियों ने किया स्वागत

छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा का नगर प्रवास हुआ। इस प्रवास के दौरान आयोग के अध्यक्ष ने राशन दुकानों का निरीक्षण किया तथा जिला खाद्य विभाग की बैठक ली। इस मौके पर विश्राम गृह में उनका भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक, देवचरण भास्कर, मोहन मल्लाह, युसूफ उपलेटा, सुनील पाठक, उमाशंकर साहू, जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव, अमितेश आर्य, महावीर सिंह, कोटू दादवानी, अश्वनी कश्यप, राजेश्वर टंडन, निलेश पेंडारकर, सैयद उस्मान अली, डॉ आशुतोष पाण्डेय, रमेश बुनकर, विजय यादव, रिजवान हक एवं भाजपा परिवार के सदस्यों तथा पदाधिकारी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष व पदाधिकारियों ने श्री शर्मा से खाद्य से संबंधित व्यवस्था को और मजबूत करने तथा कुछ सुधार हेतु आग्रह किया। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव ने दिया।



# सयुंक्त कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए धरमलाल

**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक ने बिल्हा विधासभा अंतर्गत बिल्हा, बोदरी, बरतोरी एवं तिफरा सिरगिट्टी तथा पथरिया और सरगांव मंडल में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने सम्मेलन में संगठनात्मक समन्वय, कार्यकर्ताओं की भूमिका एवं जिम्मेदारियों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया तथा एकजुट होकर लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सक्रिय रहने का आह्वान किया और संगठन कि मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क विस्तार एवं पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। श्री कौशिक ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु सतत प्रयास करें तथा संगठनात्मक अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव के साथ कार्य करें। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बिल्हा केवल उनकी विधानसभा नहीं, बल्कि उनके जीवन और संघर्ष की कर्मभूमि रही है। भाजपा का हर एक कार्यकर्ता परिवार की तरह है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का समर्पण सेवा और विकास के संकल्प को और अधिक मजबूत करता है। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में उत्साह, ऊर्जा और संगठन के प्रति समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। इस महत्वपूर्ण आयोजन में क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, जिला प्रभारी महापौर रामू रोहरा, एसआईआर प्रभारी सरला कोसरिया सहित मंडल के समस्त पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## आंतरिक शांति व सद्भाव के लिए ध्यान जरूरी: शशिप्रभा

**मस्तूरी।** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज कोटमी सोनार के प्रभु अनुराग भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ब्रह्माकुमारीज पाठशाला में साधकों ने संगठित होकर एक घंटा योग अभ्यास किया।

राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा ने कहा कि, ध्यान भारत की प्राचीन विद्या है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। सन 2023 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस घोषित किया है। उन्होंने कहा कि, ध्यान हमारे मन और तन दोनों को स्वास्थ्य प्रदान करता है, स्वस्थ मन के द्वारा ही स्वस्थ तन और सफल जीवन बनाया जा सकता है। योग अभ्यास के दौरान प्रभु अनुराग भवन में रामनाथ सोनी, कोमल सोनी, टीकाराम केवट, भविष्य भारद्वाज, रमेश थवाइत, जगमोहन, राजकुमार केवट, संदीप केवट सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## विधायक ने बच्चों को पिलाई पोलियो ड्रॉप

**सकरी।** राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पल्स पोलियो अभियान के तहत पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। इसी क्रम में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह द्वारा ग्राम काठाकोनी में बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई गई।

इस मौके पर उनके साथ महापौर पूजा विधानी, जिला भाजपा उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी, जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, सरपंच प्रवीण कौशिक, बीएमओ उमेश साहू सहित स्वास्थ्य विभाग के एवं आंगनबाड़ी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



## गहलोत ने ग्रहण किया नपा बोदरी का अतिरिक्त प्रभार

**बिलासपुर।** बिल्हा नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण सिंह गहलोत ने सोमवार को नगर पालिका परिषद बोदरी का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा को शासन द्वारा जारी नए आदेश की प्रतिलिपि पत्र देकर कार्यालय के कार्यों को संचालित किया। इस मौके पर अध्यक्ष ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया व सभी पार्षदों से परिचय कराते हुए मिलकर नगर विकास में सहयोग का निवेदन किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष शिमला वर्मा, सभापति फिरतुराम बनवारे, विजय वर्मा, श्याम आर्य, प्रीति मरावी, पार्षद जोहित राम धुरी, रोहित साहू, राजा साहू, अतुल ध्रुव, सुरेश केंवट, मुकेश वाधवानी, पार्षद प्रतिनिधि विष्णु साहू, सुनील वर्मा, दीपक जगवानी, अजय कलवानी, रवि खत्री, राजेश शर्मा, भगवान दास शर्मा, दिलीप वलेचा, बबला साहू, राजकुमार यादव सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।



## आग की चपेट में आने से 20 एकड़ गन्ने की फसल राख

**सेतगंगा-मुंगेली।** गन्ने के खेतों में अचानक लगी आग ने देखते ही देखते भयंकर रूप रूप ले लिया, जिसकी चपेट में आकर लगभग 20 एकड़ में लगी गन्ने की तैयार फसल पूरी तरह राख में बदल गई।

■ किसानो कों लाखों रूपए का आर्थिक नुकसान

घटना में किसानो कों लाखों रूपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। फास्टरपुर थाना क्षेत्र के सेतगंगा अंतर्गत ग्राम बोदा के ईश्वर प्रसाद उपाध्याय पिता मौसम प्रसाद उपाध्याय ने 20 दिसम्बर थाने में शिकायत दर्ज कराई कि लगभग 11:30 बजे ग्राम गाड़ाघाट निवासी चंद्रिका बाई उसकी की बहू अपने ही खेत के खरपतवार को लापरवाही पूर्वक आग लगाकर जला रही थी। अचानक आग ईश्वर उपाध्याय एवं उनके खेत से लगे मुकेश साहू, पवन साहू, पार्वती साहू, यशवंत साहू, धीराजी साहू, मानस साहू, लक्ष्मण साहू, रामदयाल साहू, नूतराम साहू एवं अन्य किसानों के खेत में लगी करीबन 20 एकड़ की गन्ने की फसल जल गई, जिसकी कीमत लगभग 30 लाख रूपए आंकी गई है। शिकायत पर धारा 326(एफ) और 3, 5 बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

## हांफा में श्रीरामचरित मानस का शुभारंभ कल से



**सकरी।** ग्राम हांफा में 24 दिसंबर से 28 दिसंबर तक पांच दिवसीय श्रीरामचरित मानस का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत कार्यक्रम प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। प्रथम सत्र में महिला मंडली द्वारा हरि नाम संकीर्तन, द्वितीय सत्र में स्थानीय मानस मंडली द्वारा मानस गायन वादन एवं तृतीय सत्र में सायं 5 बजे से आगंतुक मानस मंडलियों द्वारा मानस गायन किया जाएगा। साथ ही प्रतिदिन 1 घंटे मानस मर्मग्य का प्रवचन कार्यक्रम भी आयोजित है। यह कार्यक्रम मावली माता मंदिर परिसर हांफा स्थित पंडित दुखूराम दुबे व्यास मंच पर आयोजित होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्थानीय मानस प्रेमी जुटे हुए है। उक्तशय की जानकारी कार्यक्रम संयोजक पंडित महेंद्र कुमार दुबे, अध्यक्ष मनीराम यादव एवं महासचिव संजय तिवारी ने दी है।

## फेडरेशन की बैठक में हड़ताल को सफल बनाने बनी रणनीति

**मरवाही।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय हड़ताल का शंखनाद किया गया है। जिसमें जिला स्तरीय कलम बंद- काम बंद आंदोलन कर मोदी की गारंटी लागू कराने की मांग की जाएगी।

इसी कड़ी में संरक्षक कमाल खान एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर संजय शर्मा जिला संयोजक की उपस्थिति में दुर्गा पंडाल के पीछे प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के कर्मचारी भवन मरवाही में तहसील स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आंदोलन को सफल बनाने की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। तहसील अध्यक्ष इंद्रपाल चंद्रा ने बताया है कि सभी सदस्यों से विकासखंड मुख्यालय के सभी कार्यालयों एवं संकुल केद्रो में अधिक से अधिक कर्मचारियों से संपर्क कर अवकाश का आवेदन पत्र भराने का निर्णय लिया गया है। बैठक में दुर्घटना में मृत कर्मचारी जयकुमार कौशिक एवं बक्शी दास की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय अवकाश कैलेंडर छपवाने का निर्णय लिया गया। बैठक में आर बी सोनी, के एल गुप्ता, चंद्रभान सिंह पवन, राकेश गुप्ता, गिरजा शंकर गोहलिया,एच एन साहू, आजाद पांडे, ओमप्रकाश सिंह पाव, विनोद कुमार सिदार,बसंत कोठहा, जी आर पुरी, शिवकुमार राय,गोपेन्द्र सिंह ओनटेन एवं अन्य कर्मचारी साथी उपस्थित रहे।



### सड़क के किनारे से दुपहिया की चोरी, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** सड़क किनारे खड़ी दुपहिया को चोरों ने पार कर दिया। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुरानकापा निवासी कुशल धुरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, वह अपनी दुपहिया सीजी 10 एएस 2450 में 12 दिसम्बर को तखतपुर बाजार आया हुआ था। शाम 4:30 बजे उसने दुपहिया को मछली मार्केट के पास खड़ी कर खरीददारी करने चला गया, आधे घंटे जब बाद वापस आया तो दुपहिया से गायब थी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 303, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### बाइक सवार ने मारी दुपहिया को टक्कर,मामला दर्ज

**तखतपुर।** दुपहिया चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सामने जा रही अन्य दुपहिया को टक्कर मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंआ निवासी शिवशंकर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 21 दिसम्बर को वह दोपहर 12 बजे अपने दुपहिया सीजी 10 बीवाय 7409 में पेट्रोल भरवाने गया हुआ था। वापस आते समय पीछे की ओर से आ रही दुपहिया सीजी 10 बीके 7360 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### किसानों को मूंगफली बीज का वितरण



**मस्तूरी।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन तिलहन योजना के तहत विकासखंड के ग्राम टिकारी में मूंगफली बीज वितरण किया गया। इस दौरान चयनित 20 किसानों को 25 एकड़ में बोनी करने 10 क्विंटल मूंगफली बीज प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य दामोदर कांत, जनपद सदस्य धरम भार्गव, सरपंच तुकेस्वरी चंद्रशेन, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एके आहिरे, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी शशि सहारे सहित कृषक राधेश्याम, घनश्याम, रामनाथ, नम्रता बाजपेई, चैतराम, सैल बाई, कासीराम, ज्ञान जांगड़े व अन्य कृषक उपस्थित रहे।

### छतौना में सुशासन सप्ताह शिविर कल

**तखतपुर।** सुशासन सप्ताह के तहत छतौना में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन 24 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से किया जा रहा है, जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नोडल अधिकारी होंगे तथा जनपद के सीईओ सहायक नोडल अधिकारी होंगे। इस शिविर में सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।



## सुशासन सप्ताह में लोगों की समस्याओं का समाधान

**बोदरी।** बरतोरी में सुशासन सप्ताह 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान शुरू हुआ। अभियान के तहत 22 दिसंबर को ग्राम पंचायत बरतोरी में शिविर आयोजित गया, जिसमें जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान किया गया। शिविर में मुख्य रुप से पटवारी संदीप राय व कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर स्कूल के बच्चों के जाति, आमदनी, निवासी प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को पूर्ण किया गया एवं विस्तार अधिकारी ने कृषि से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा गर्मी के मौसम में रबी फसल में कम पानी की खपत वाली फसल लगाने की सलाह दी। शिविर के माध्यम से आम जनता की शिकायतों का समाधान किया गया एवं सार्वजनिक सेवाओं में सुधार का योजना बनाया गया। इस अवसर पर मनहरण नेताम सरपंच प्रतिनिधि सरपंच, नरेश जायसवाल विधायक प्रतिनिधि, सचिव गंगे निर्मलकर, रोजगार सहायक मयाराम बंजारे, आवास मित्र हर प्रसाद, पंचगण-गोकुल वर्मा, शिवकुमारी सोनवानी, सोनू प्रजापति, सुरेश चतुर्वेदी, आंगनबाड़ी संचालक, मितानीन, हितग्राहीजन एवं भारी संख्या में ग्राम के नागरिक उपस्थित रहे।

**मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र**
(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)
पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय बिलासपुर रेफरी संख्या 2297/RTO/25 दिनांक 08/12/2025
श्री **भीष्म इंटरप्राईजेस** (रजिस्टर्ड)। है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड** (Financio) है / ने सूचित किया है कि उसने / उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या **सीजी 10 बी.के. 1651** एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद / पट्टे । उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफ़ॉल्ट के कारण हाइपोथैकेशन, और:
1. आपने उसे / उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।, 2. आप फरार हो गए हैं।
उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।
अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटर वाहन का स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51 (5) के साथ।
तारीख.....
**Registered Authorty Bilaspur(C.G)**

**न्यायालय तहसीलदार मरवाही, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**
रा.प्र............../अ-21/2024-25
ग्राम टिकठी प.ह.नं.007
**// उद्घोषणा //**
सर्वसाधारण आम जनता ग्राम टिकठी को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण गेंदलाल पिता ननचू एवं 20 अन्य जाति रैदास सभी निवासी ग्राम टीकठी तहसील मरवाही जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) द्वारा आम मुख्तियार बृजेश कुमार पिता बद्रीप्रसाद निवासी लेदरी वेस्ट झगराखांड तहसील मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) द्वारा अभिभाषक श्री रितेश गुप्ता ने उपस्थित होकर ग्राम टिकठी स्थित भूमि ख.नं. 935/19 रकबा 1.2140 हे. भूमि आवेदकगण के नाम पर वर्तमान खसरा पाचशाला राजस्व अभिलेख में दर्ज है। भूमि को आम मुख्तियार ग्रहीता क्रेता बृजेश कुमार पिता बद्रीप्रसाद निवासी लेदरी वेस्ट झगराखांड तहसील मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) के पास राशि रुपये 6,80,000/- (छः लाख अस्सी हजार रुपये) में विक्रय करने का पक्का सौदा किया जाकर बतौर अग्रिम रुपये 3,00,000/- (तीन लाख रुपये) नगद प्राप्त कर विक्रेता एवं क्रेता के मध्य पंजीकृत इकरारनामा दिनांक 11.11.2024 निष्पादित किया जाकर राजस्व अभिलेखो एवं दस्तावेजो की प्रति पेश किया गया है। उक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति प्रदान किये जाने का निवेदन किया गया है।
यदि किसी व्यक्ति या संस्था की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित में दिनांक 16/01/2026 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।
आज दिनांक 16/12/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील ईश्तहार जारी किया गया।
**तहसीलदार मरवाही**
जिला-गौ.-पे.-म. (छ.ग.)

**LOST LIC POLICY BOND**
I, Pushpalata Pujari, W/o Ajit Pujari, hereby inform the general public that my LIC Policy Bond bearing Policy No. 359363187, taken from Life Insurance Corporation of India (LIC), has been lost. Despite all efforts, the same could not be traced.
If anyone finds the said policy bond, kindly contact on Mobile No. 9425262192. If any person misuses the same, I shall not be responsible for it.
**Sd/- Pushpalata Pujari**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**
क्रमांक/क/अति.तह./वाचक/2025
बिलासपुर, दिनांक 22/12/2025
ग्राम खमतराई, प.ह.नं. 25, रा.नि.मं. कोनी, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र क्रमांक 2430/एफ-4/सात-2020 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 13/08/2020 के अनुसार आपस में संलग्न खसरा नम्बर की भूमि के साथ नक्शा को सम्मिलित किये जाने हेतु आवेदक गीतांजली इंफ्रा एण्ड इंजिनियरिंग सर्विसेस द्वारा भागीदार श्री पी.आर. साहू पिता स्व. श्री एम.आर. साहू, नर्मदा नगर, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा मौजा खमतराई, प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. कोनी, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 965/1, 965/2, 965/3, 965/4, 965/5, 961/2, 964/2 रकबा क्रमशः 0.1170, 0.1170, 0.1170, 0.1170, 0.1170, 0.2750, 0.4780 हेक्टेयर भूमि को एकीकृत करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 08/01/2026 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगें।
आज दिनांक 22/12/2025 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।
**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक/Q/तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 19.12.2025
ग्राम ढेका
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम ढेका प.ह.नं. 44 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका संतोष कुमार गहरे पिता/ पति मंगलूराम गहरे निवासी ग्राम ढेका तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा शिशु/ मृतक/ मृतिका पुन्नी बाई के जन्म/ मृत्यु दिनांक 16.12.2009 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 05.01.2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 19.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 23 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




अभियान

## स्वास्थ्य विभाग ने दी 1 लाख 11 हजार बच्चों को पोलियों की खुराक



**बिलासपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा पोलियो को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से सर्व कर दो बुंद जिंदगी के पिला रहा है। 0 से 5 साल के बच्चों को घर में पहुंच कर ही दवा की खुराक मुहय्या कराई जा रही है। जहां 21 दिसंबर को 2 लाख 62 हजार बच्चों को दवा दी गई, वहीं सोमवार को 1 लाख से अधिक बच्चों ने दवा पी ली है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पल्स पोलियो का 3 दिवसीय कार्यक्रम जारी है। मंगलवार को अंतिम दिन भी छुटे हुए बच्चों को स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिनों के द्वारा घुम-घुमकर पोलियो की खुराक दी जाएगी। खास बात यह है कि पोलिया दिवस के अवसर पर 1520 बुथों में 2 लाख 62 हजार 816 बच्चों को दवा दी गई। इसके बाद सोमवार को स्वास्थ्य कर्मियों ने गांव और शहर के मोहल्ले में सर्वे कर दवा की खुराक पिलाई है। सोमवार को 1 लाख 11 हजार 120 बच्चों को दवा पिलाई गई। मंगलवार को बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल ने सभी लोगों से अपील की है कि 0 से लेकर 5 वर्ष के बच्चों को अनिवार्य तौर पर पोलिया की दवा पिलाई जाएं, ताकि प्रदेश व देश को पोलियो मुक्त किया जाए सके।

# जनजाति समाज सैद्धांतिक पक्षों को व्यवहार में लाने की एक पाठशाला





पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में भारतीय जनजातियां सांस्कृतिक विरासत एवं महानायकों की भूमिका विषय पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन सोमवार को समारोह प्रारंभ किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी में देशभर के वरिष्ठ शिक्षाविद व प्रभुत्वगण जुटे।

## राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन जुटे देशभर के शिक्षाविद

हरिभूमि न्यूज ⏩ बिलासपुर

चतुर्थ सत्र की अध्यक्षता शिक्षाविद् बृजेंद्र शुक्ल ने की, सत्र के प्रथम वक्ता डॉ सीमा ममता मिंज ने अपना वक्तव्य जनजातीय महानायक बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष पर प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उनमें अपने पक्षों को प्रभावपूर्ण तरीके से रखने तथा दलील प्रस्तुत करने की अद्भुत शक्ति थी। उनकी क्षमता व प्रभावों के कारण वे बहुत प्रसिद्ध हुए तथा अनेक लोग उनसे जुड़ते चले गए। द्वितीय वक्ता राजाराम कटारा ने कहा कि अब तक जनजाति विकास सही रूप में नहीं हुआ है और ना ही वास्तविक जनजाति विकास की कोई योजना बन पाई है।



उन्होंने जनजातीय अस्मिता का उल्लेख करते हुए जनजातियों की कई व्यावहारिक परंपराओं एवं व्यवहारों का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि उनकी अस्मिता को हमें भली प्रकार समझना चाहिए। जनजातियों के प्रति योजना बनाते समय ऐसे प्रतिनिधि का होना आवश्यक है जो इनकी प्रकृति से पूरी तरह परिचित रहे। उन्होंने जनजाति परंपरा मातावन का उल्लेख किया और बताया कि जनजाति लोग जंगल को माता समझकर व्यवहार करते हैं। जनजाति समाज में किन्ही को दंडित करने के साथ-साथ उनके मन को भी मिलान करने की परंपरा है। जनजाति समाज सैद्धांतिक पक्षों को व्यवहार में लाने की एक पाठशाला है। आयोजन में कुलपति प्रो वीरेन्द्र कुमार सारस्वत, कुलसचिव चंद्र भूषण मिश्र, सयोजक डॉ बीना सिंह, प्रो हीरा लाल शर्मा, प्रो धनंजय मिश्र सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण, शोधार्थी गण, शिक्षार्थी गण व जन सामान्य उपस्थित रहे।

### समाज को मुख्य धारा में जोड़ना चाहिए

द्वितीय दिन पंचम सत्र में कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ आनंदमूर्ति मिश्र वक्ता के रूप में वैभव सुरंगे एवं राजाराम कटारा, सामाजिक कार्यकर्ता झाबुआ थे। वक्ता कटारा ने आदिवासी समाज की उद्यमिता पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि झाबुआ में गैस चूल्हे जो सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के अंतर्गत बांटे गए परंतु आदिवासी समाज के लिए वह तकनीकी दृष्टि से उचित नहीं है। इसी श्रृंखला में द्वितीय वक्ता के रूप में वैभव सुरंगे ने बताया कि जनजाति समाज शादी भी देवताओं की सहमति से करते है। वे लोग अपनी जटिल समस्या का समाधान भी बहुत ही सरल तरीके से करते है। इन्होंने कहा कि प्रत्येक समाज विकास चाहता है लेकिन जनजाति समाज आज के आधुनिक समाज से कटा हुआ है, उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोड़ना चाहिए।

### लोककला की प्रस्तुति से समा बांधा

सप्तम सत्र में जनजातीय संवाद एवं लोककला प्रस्तुति हुई, जिसमें संथाल जनजाति व हो जनजाति के कलाकारों ने लोककला की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसमें उपस्थित आगंतुको ने आनंद उठाया। गायन व वादन से कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समा बांधा।

कार्यक्रम

## बच्चों ने पेश किया डांस, ड्रामा एक्शन सांग, क्रिसमस ट्री बांटे



**बिलासपुर।** चर्च ऑॅफ ख्राईष्ट सीएमडी चौक में निर्वाचित प्राचीन समिति के 10 वर्ष से छोटे 55 बच्चों को आकर्षक क्रिसमस गिफ्ट, क्रिसमस ट्री के रूप में उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। उपहार पाकर बच्चे आनंदित हुए। इस दौरान बच्चों ने डांस, ड्रामा, एक्शन सांग प्रस्तुत किया। आराधना का संचालन बोल्डी कुमार, बाइबल पठन रेणुका अब्राहम, प्रार्थना मंजू निशा, तृप्ति बाग, ज्योति वालेस द्वारा की गई। जवान सभा, महिला सभा और मेंस फेलोशिप द्वारा क्रिसमस पर आधारित, यीशु के जन्म का गीत.. शोर दुनिया में ये हो गया.., आज पैदा मसीह हो गया.., देखो पूरब में चमका एक तारा, जन्मा है यीशु हमारा.. आदि गीतों की प्रस्तुति दी गई। आराधना संदेश प्रीति वालेस ने दिया। इस मौके पर श्रेजल दास, नीति बाग, निशांत दास, एडम लुईस, जोर्डन जेम्स, एलिस दास, विनीत पॉल, आयुष मार्टिन, शैरेन वालेस, आरूषि एलिया, एलीना वालेस, नहेमिय्याह हजारिया, आदी विलियम, एलेक्स मसीह, अनाया मसीह उपस्थित थे। क्रिसमस के मद्देनजर शहर के गिरजाघरों में हर दिन विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं पर्व को लेकर क्रिसमस बाजार गुलजार है। एंथोनी शॉप तारबाहर नाका के संचालक ने बताया कि क्रिसमस आयटम क्रिसमस ट्री, गौशाला, स्टार सहित डेकोरेशन आयटमों की डिमांड बढ़ गई है। विक्रेता रिचर्ड ने बताया कि मसीही समाज के लोग इन चीजों की जमकर खरीददारी कर रहे हैं।

## फैंसी ड्रेस में कविता, रेहाना, रेखा को मिला स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏩ बिलासपुर

### एसईसीएल महिला कल्याण समाज का आयोजन



एसईसीएल महिला कल्याण समाज के तत्वावधान में इंदिरा विहार में महिलाओं के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। हाऊजी, लकी गेम का भी आनंद लिया गया। गीत, नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई।

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कविता घोष, द्वितीय पुरस्कार रेहाना खान, तृतीय पुरस्कार रेखा गुल्ला, लकी गेम में प्रथम स्थान फरीदा हुसैन, द्वितीय स्थान राखी कोस्टा, तृतीय स्थान गीता रावत को मिला। पूरा कार्यक्रम संस्था की सचिव माधुरी तिवारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता की निर्णायक रूबी हनीफी, सीमा दिघ्रस्कर एवं सीना बिन्नी रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुप्रभा आचार्य, पुष्पा पटेल, सरोज वस्त्रकार, भारती सिंहा, सानिया पटेल, ज्ञानती शाह, संतोषी मेहता, नागमणि राव, सरला शर्मा, माया कपाले, प्रभा शुक्ला सहित अन्य महिलाओं का सहयोग रहा।



## गणित के बिना किसी भी विषय की कल्पना करना संभव नहीं

**बिलासपुर।** कंप्यूटर विज्ञान एवं अनुप्रयोग विभाग द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह एवं सफलतापूर्वक किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जयंती के अवसर पर उनके अमूल्य योगदान को स्मरण करना तथा आधुनिक विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं कम्प्यूटिंग में गणित की भूमिका को रेखांकित करना था। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही।

विभागाध्यक्ष डॉ एचएस होता ने कार्यक्रमों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया और कहा की गणित कंप्यूटर विज्ञान की बहुत ही नजदीक का विषय है, इसलिए विभाग लगातार तीसरे वर्ष गणित दिवस का आयोजन कर रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एडीएन बाजपेयी ने कहा कि गणित समस्त विषयों की जननी है, गणित के बिना किसी भी विषय की कल्पना किया जाना संभव नहीं है। यह भी कहा जा सकता है की गणित समस्त विषयों को परिपक्व बनाती है। उन्होंने आध्यात्मिकता में भी गणित को समावेश और गणित के उपयोग को रेखांकित करते हुए गीत संगीत में भी गणित की उपयोगिता को रेखांकित किया। कार्यक्रम में पधारे विषय विशेषज्ञ डॉ पी पी मूर्ति ने अपने प्रेजेंटेशन में रामानुजन के योगदान को रेखांकित करते हुए वैदिक गणित और अन्य क्षेत्रों में गणित की उपयोगिता पर सार्थक प्रयास डाला एवं सिग्नीफिकेंट आफ मैथमेटिक्स इन मॉडर्न टेक्नोलॉजी एंड कंप्यूटिंग विषय पर अपनी व्याख्यान दिए। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ रश्मि गुप्ता द्वारा विभागाध्यक्ष डॉ एच एस होता के मार्गदर्शन में किया गया। कोडिंग हैकाथॉन के संयोजक डॉ जीतेंद्र गुप्ता रहे।

## वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ दी गई आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏩ बिलासपुर

### आर्य समाज वसुंधरा विहार में साप्ताहिक यज्ञ



आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग में यज्ञ के यजमान श्रेष्ठ बत्रा, बसंत देवांगन जिनके बच्चों का जन्मदिन था और रीटा चावला परिवार यजमान रहे। सबने वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ आहुतियां देकर अपना जन्मदिन मनाया। बड़े बुजुर्गों ने यजमानों को फूलों की वर्षा कर आशीर्वाद प्रदान किया।

आचार्य जयदेव शास्त्री ने काकोरी कांड को अंजाम देने वाले क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल और स्वामी श्रद्धानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राम प्रसाद बिस्मिल और स्वामी श्रद्धानंद दोनों ही स्वामी दयानंद सरस्वती के उपदेश सुन या सत्यार्थ प्रकाश पढ़कर देश भक्त महान क्रांतिकारी बने। दोनों ही व्यक्ति नास्तिक व व्यसनों से युक्त थे। राम प्रसाद बिस्मिल को उपन्यास पढ़ने का बड़ा शौक था। सिगरेट पीने की भी लत लग चुकी थी। एक दिन मुंशी राम ने राम प्रसाद बिस्मिल को बुला कर उसे महर्षि दयानंद सरस्वती का लिखित सत्यार्थ प्रकाश दिया। जिसे पढ़कर राम प्रसाद बिस्मिल ने सभी प्रकार के व्यसनों को त्याग दिया और आर्य समाज में अधिक समय बिताने लगे। आर्य समाज की प्रेरणा से सत्यार्थ प्रकाश को पढ़कर कठोर दिनचर्या का पालन करने लगे। इससे उनकी बुद्धि सात्विक हो गई और उनमें देशभक्ति की भावना जागृत हुई। उन्होंने देश को स्वतंत्र करवाने हिंदुस्तान रिएसोसिएशन का गठन किया। इसी तरह नास्तिक मुंशी राम आस्तिक बनकर श्रद्धा से विभोर होकर श्रद्धानंद बना और अपना सर्वस्व त्याग कर देश, समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए गुरुकुल कांगड़ी खोला और अनेक हिंदू भाईयों को वैदिक धर्म में लाने का कार्य किया।

स्पर्धा

## मिमिक्री जैसी विधाओं में रचनात्मक अभिनय का प्रदर्शन किया



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के तत्वावधान में कार्मिक विभाग, नागपुर द्वारा अंतर मंडलीय नाट्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। इस सांस्कृतिक प्रतियोगिता में विभिन्न मंडलों के प्रतिभागियों ने एकांकिका, मोनो एक्ट, एकल अभिनय एवं मिमिक्री जैसी विधाओं में अपनी रचनात्मक एवं अभिनय प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी उदय कुमार भारती द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन एवं मार्गदर्शन माननीय अपर मंडल रेल प्रबंधक, नागपुर श्री राजेश चिखले द्वारा किया गया। प्रथम सत्र में एकल नाट्य प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने सामाजिक, सांस्कृतिक एवं समसामयिक विषयों पर प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया। भोजनावकाश के उपरांत प्रतियोगिता पुनः आरंभ हुई, जिसमें एकल अभिनय एवं मिमिक्री की सशक्त प्रस्तुतियों ने सभागार को तालियों से गूंजायमान कर दिया। सायंकालीन सत्र में मुख्य अतिथि रेल प्रबंधक नागपुर दीपक कुमार गुप्ता का आगमन हुआ। मुख्य अतिथि ने रेलवे कर्मचारियों की छिपी हुई सांस्कृतिक प्रतिभा की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन कर्मचारियों में रचनात्मकता, आपसी समन्वय, सकारात्मक सोच एवं कार्य-जीवन संतुलन को बढ़ावा देते हैं।

स्पोटर्स न्यूज

### जीत और हार खेल का हिस्सा और सीखने का अवसर है

## एवीएम में वार्षिक खेलकूद का आगाज़

हरिभूमि न्यूज ⏩ बिलासपुर



एवीएम न्यू सैनिक स्कूल में दो दिवसीय अंतर्विद्यालयी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ, इस वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेशनल एथलीट अविनाश शेट्टी और विशिष्ट नेशनल निलेश मादवेर थे। विद्यालय की प्रधानाचार्या जी आर मधुलिका ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया और सकारात्मक ऊर्जा एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए कहा।

विद्यालय के डायरेक्टर एस के जनास्वामी ने विद्यार्थियों को खेल में उत्साह और अनुशासन के बीच सामंजस्य बनाए रखने और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। किंडर गार्टन के बच्चों ने उत्साह के साथ अपनी अनुशासन पूर्ण पीटी की प्रस्तुति के साथ सबका मन मोह लिया। उसके पश्चात छात्राओं ने 'वाका वाका ' गीत पर एक जोशीली प्रस्तुति दी। उत्साह, एकता और जीत का जश्न मनाते इस गीत के हर शब्द को विद्यार्थियों ने आत्मसात किया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ अजय श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल हर विद्यार्थी को उसकी पूरी क्षमता का एहसास कराता है और मुश्किलों से सीखकर आगे बढ़ना सिखाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अविनाश शेट्टी ने कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी को अपनी क्षमता पर पूर्ण विश्वास होना चाहिए। उनका विश्वास ही उन्हें सफल बनाता है। उन्होंने कहा कि जब आप अकेले खेलते हैं तो पूरी जिम्मेदारी आप के ऊपर होती है वहीं जब आप टीम के साथ खेलते हैं तो आपकी जिम्मेदारी अपने साथ अपनी पूरी टीम को जिताने की होती है। जीत और हार खेल का हिस्सा है, दोनों ही परिस्थितियाँ आपको सीखने का अवसर देती हैं। उसके पश्चात अतिथियों ने प्रसन्नता , उत्सव , उम्मीद और जागरूकता का प्रतीक गुब्बारों को हवा में छोड़कर प्रतियोगिता शुरु करने की उद्घोषणा की। उसके पश्चात विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपना दमखम दिखाया। इस वार्षिक प्रतियोगिता के पहले दिन कबड्डी, रिले रेस, टग ऑफ वार, हैंड बॉल, बास्केटबॉल, भाला फेंक, स्टैंडिंग बोर्ड जम्प, शॉटपुट, सौ मीटर रेस, बाधा दौड़, कराटे स्टिक रेस, सिंगल लेग रेस आदि प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

### वायसीसीसीआई सुपर सिक्सेस क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-7

## सुधा फायरफाइटर्स बनी चैंपियन



शहर में व्यापारियों एवं युवाओं के बीच खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित वायसीसीसीआई सुपर सिक्सेस क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-07 का सफल आयोजन 18 से 21 दिसंबर तक मिनी स्टेडियम, शासकीय स्कूल क्रिकेट ग्राउंड, गांधी चौक में किया गया। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट सरैया अचनाकमार फॉरेस्ट रिसॉर्ट द्वारा प्रस्तुत किया गया।

टूर्नामेंट में सिटीवॉक बाय श्री-जी एसोसिएट पार्टनर, केस कंस्ट्रक्शन विनर पार्टनर एवं जीके इलेक्ट्रिक रनर-अप पार्टनर के रूप में जुड़े रहे। वहीं गजानन ग्लास और हनुमान्स वुड एंड डेकोर पावर्ड बाय पार्टनर रहे। सीजन-07 में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें यूबी वर्ल्ड चैंपियंस, जेजेएल किंग्स, कॉमिक्स मास्टर्स, फॉर्च्यून सिटी रॉयल्स, आहूजा वॉरियर्स, ग्वालानी लीजेंड्स, 360 इंफ्रा सॉल्यूशंस, बीसीसी बिलासा ब्लास्टर, पोषिकम हीरोज, सुधा फायरफाइटर्स, आईआईएफटी चैंपियंस एवं डीसीटी वॉरियर्स शामिल रहीं। फाइनल मुकाबले में सुधा फायरफाइटर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। यह टीम पुलकित अग्रवाल के नेतृत्व में खेली। वहीं आहूजा वॉरियर्स (अविजित आहूजा ट्रेडर्स) उपविजेता रही। फाइनल मैच में जी राज अमृतेश ने 27 गेंदों में 93 रनों की विस्फोटक पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त किया। पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतीक विधानी को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। बेस्ट बैट्समैन एवं सर्वाधिक छक्के का पुरस्कार मानस अग्निहोत्री को मिला, जबकि बेस्ट बॉलर मुकुश लालचानी रहे। राहुल डामा ने सर्वाधिक चौके लगाए। बेस्ट विकेटकीपर का पुरस्कार आर्यन भाटिया को तथा उभरते खिलाड़ी का सम्मान अनव भाटिया को प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में विधायक धरमलाल कौशिक, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सावन्नी, चेयरमैन, भाटिया ग्रुप अमोलक सिंह भाटिया, यूनिट हेड हरिभूमि प्रेस प्रियंक परिहार, डॉ. तविंदरपाल सिंह अरोड़ा, अध्यक्ष, बिलासपुर मर्चेंट एसोसिएशन विनोद मेंघानी, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भगचंद बजाज उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### लापता ग्रामीण की जलाशय में मिली लाश

**बिलासपुर।** चार दिन से लापता ग्रामीण की चांपी जलाशय में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। रतनपुर टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, ग्राम पंचायत रिंगवार के आश्रित ग्राम पंचायत ललमटी निवासी बेदराम सौता 55 साल पिछले चार दिन से लापता थे। सोमवार को उनकी चांपी जलाश्य में लाश मिली है। परिजन के द्वारा मृतक प्रतिदिन ट्यूब की सहायता से जलाशय पार कर जंगल में लकड़ी लेने जाया करता था। संभावना जताई जा रही है ट्यूब के पलटने से उनकी जलाश्य में डूबकर मौत हो गई है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**बिलासपुर।** देर रात बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन के चालक ने तेज गति से चलाते हुए टक्कर मार दी और फरार हो गया। हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक सुनील जांगड़े ने बताया, हिर्री कोपरा निवासी कुर्णाल दास पिता राजेश्वर दास 19 साल मंगला चौक के पास अचेत अवस्था मिला था। परिजन इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए तो डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता राजेश्वर दास ने बताया, उनका बेटा अपने दोस्त के साथ बाइक से जा रहा था। उसके दोस्त ने उन्हें जानकारी दी है कि अज्ञात वाहन के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे कुर्णाल की मौत हो गई है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।



### आटो चालक ने छात्र को मारा चाकू, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** आटो में बैठने से मना करने पर चालक ने गाली गलौज कर छात्र के जांघ पर चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस हमलावर चालक को नहीं पकड़ पाई है। तोरवा पुलिस के अनुसार, सरकण्डा ओमनगर निवासी अनुराग अग्रवाल पिता राममोहन अग्रवाल एमए की पढ़ाई कर रहे हैं। 21 दिसंबर की रात अपनी दोस्त एक लड़की को अनूपपुर जाने के लिए रेलवे स्टेशन छोड़ने गए थे। ट्रेन लेट होने से दोनों चाय पीने बुधवारी बाजार गए थे। चाय पीने के बाद दोनों पैदल स्टेशन जा रहे थे। सुलभ काम्प्लेक्स के पास रात 11.30 बजे चालक चांद खान अपना आटो लेकर उनके पास आया और जबरदस्ती आटो में बैठने के लिए कहने लगा। मना करने पर चालक उनके साथ गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर चालक ने जान से मारने की धमकी देते हुए अनुराग अग्रवाल के दाहिने पैर के जांघ पर चाकू से हमला कर आटो लेकर भाग गया। चाकूबाजी की वारदात से स्टेशन में हड़कंप मच गया। अनुराग ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर चालक चांद खान के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### हेमूनगर का सटोरिया मंगला में पकड़ा गया

**बिलासपुर।** सिविल लाइन पुलिस ने हेमूनगर के सटोरिया को मंगला में सट्टा खिलाते गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि हेमूनगर सिंधी कालोनी निवासी मनोज पोपटानी पिता नंदलाल पोटवानी 30 साल मंगला चौक के पास मोबाइल के माध्यम से अंक नम्बर का सट्टा खिला रहा है। पुलिस ने मंगला चौक में दबिश देकर सट्टा खिलाते मनोज पोपटानी को पकड़ लिया है। उसके पास से 6700 रुपए नकद दो मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस ने धारा 7, 1 के तहत सटोरिए को गिरफ्तार कर लिया है। हेमूनगर का सटोरिया मंगला चौक में सट्टा खिला रहा था।

---

**गड़बड़ी सामने आने पर तीन आरआई को नोटिस** | **राजस्व निरीक्षक के खिलाफ पुलिस कार्रवाई के दिए गए निर्देश**

# जिस आरआई पर आरोप वह सालभर से लकवाग्रस्त, प्लेसमेंट कर्मचारियों के भरोसे टैक्स वसूली

**बिलासपुर।** टैक्स वसूली को लेकर तिफरा जोन-2 में 15 लाख 62 हजार 654 रुपए की वित्तीय गड़बड़ी उजागर होने के कई मामले सामने आ रहे हैं।

अब जिस राजस्व निरीक्षक रामनारायण देवांगन पर आरोप लगे हैं उसके खिलाफ पुलिस कार्रवाई के निर्देश नगर निगम की ओर से दे दिया गया है तो दूसरी ओर रामनारायण देवांगन ने निगम कमिश्नर के साथ ही कलेक्टर को एक पत्र सौंपते हुए कहा है कि वह पिछले कुछ सालों से लकवाग्रस्त है और कलम भी नही पकड़ सकता है। राजस्व वसूली उसने नहीं की है। इस पत्र के बाद से निगम में हड़कंप मचा है और आनन फानन में



तीन और राजस्व निरीक्षकों को नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही इन सभी का तबादला अलग-अलग जोन में कर दिया गया है। इसमें बिलासपुर सहायक राजस्व अधिकारी का दूसरे जोन में तबादला कर दिया गया। इसमें रामारानायण देवांगन का तबादला जोन 2 से 7 में, सहायक राजस्व निरीक्षक प्रिया लोहिया को जोन 2 से जोन 8 कोनी में स्थानांतरित कर दिया गया है। इसके साथ ही रूपा सोनी को राजस्व वसूली के मामले में नोटिस जारी किया गया है। दरअसल, निगम की ऑडिट टीम ने तिफरा जोन-2 में जांच की, तब पता चला कि 15 लाख 62 हजार 654 रुपए का कोई हिसाब नहीं है। इस मामले की जांच के बाद ऑडिट टीम ने रिपोर्ट सौंप दी है, जिसमें स्पष्ट है कि साल 2022-23 से 2024-25 के बीच वसूला गया टैक्स पूरी तरह निगम के खाते में जमा नहीं हुआ। मामला खुलते ही अब निगम ने सभी आठों जोन में वसूली पर जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट में साफ है कि यह वसूली 2022-23 से 2024-25 के बीच की गई।

### पंजी के मिलान में कई गंभीर विसंगतियां

इस मामले में निगम ने जब प्रारंभिक जांच की तो पता चला कि जोन-02 में वसूली की जिम्मेदारी एआरआई रामनारायण देवांगन की है लेकिन, उन्होंने वसूली का काम प्लेसमेंट कर्मचारी आशीष कौशिक को दे दिया। इधर, मामले में जांच शुरू होते ही आशीष पुलिस की नजरों में फरार हो गया है। इस अनियमितता को निगम की बड़ी चूक माना जा रहा है। जांच और ऑडिट में रसीद बुक, कैशबुक, बैंक प्रविष्टियों और संग्रहण पंजी के मिलान में कई गंभीर विसंगतियां मिलीं। कई मामलों में वसूली दर्ज है, लेकिन राशि बैंक में जमा नहीं कर सीधे गबन कर लिया गया है।

### कहीं डिमांड घटाई गई, कहीं बढ़ाकर की गड़बड़ी

तिफरा में गड़बड़ी सामने आने के बाद निगम प्रशासन ने सभी आठ जोन की वसूली की जांच के आदेश दे दिए हैं। रिकॉर्ड में पहले भी छेड़छाड़ मिल चुकी है। स्पायरो के समय कहीं डिमांड घटाई गई, कहीं बढ़ाई गई और लाखों रुपए निगम तक नहीं पहुंचे थे। अब जब निगम के कर्मचारी ही वही खेल करते पकड़े जा रहे हैं, तो प्रशासन को जांच के बाद बड़ी अनियमितता उजागर होने की आशंका है। अधिकारियों का कहना है तिफरा तो शुरुआत है, बाकी जोन में भी भारी गड़बड़ी की संभावना है।

### एक ही आदेश क्रमांक में दो आदेश जारी किया

नगर निगम में टैक्स वसूली के साथ ही आदेश में भी गड़बड़ी करनी शुरू कर दी है। निगम की ओर से एक ही दिन में दो आर्डर जारी किए गए। दिलचस्प बात यहरही कि एक आदेश को दुबारा बदला गया पर न तो उस पर संशोधित अंकित किया गया न आदेश क्रमांक बदला गया। दोनों एक ही है। पहले आदेश में सहायक राजस्व अधिकारी ज़ोन क्रमांक 2 अंकित है, वही दूसरा आदेश रूपा सोनी के नाम पर है। नों का नोटिस क्रमांक 1088 ही है।

### दिए गए हैं जांच के निर्देश

टैक्स वसूली में गड़बड़ी सामने आने के बाद जांच के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही निगम के सभी जोन में ऑडिट कराई जा रही है। इसमें जांच के अलग-अलग बिंदू तय किए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद इस मामले में कार्रवाई होगी।

**- खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त, नगर निगम

---

झारसुगुड़ा के बाद हावड़ा की एक्सप्रेस और सुपरफास्ट हो जाती है लोकल

# चांपा से बिलासपुर पहुंचने में मेल को लग जाते हैं 3 घंटे, लेटलतीफी से यात्री हलाकान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हावड़ा मुम्बई मेल के साथ दूसरी एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेनों का हाल इतना अधिक खराब हो चुका है कि यह सारी ट्रेनों को चांपा से बिलासपुर तक 54 किलोमीटर का सफर तय करने में तीन घंटे से अधिक का समय लग रहा है। चक्रधरपुर से ट्रेन रवाना होने और झारसुगुड़ा के बाद बिलासपुर आने वाली सारी ट्रेनों की चाल लोकल से भी बद्तर हो गई है, जिसमें ट्रेन की लेटलतीफी का खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है।

बिलासपुर रेल मंडल के जोनल स्टेशन के साथ अन्य स्टेशनों में आने-जाने वाली एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों की चाल से यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। जोन के सभी स्टेशनों कें अलावा बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच तीसरी व चौथी लाइन पर मालगाड़ियों के साथ बिलासपुर से नागपुर स्टेशन तक दूसरी व तीसरी लाइन पर लांगहॉल व मालगाड़ियों का परिचालन ही अधिक हो रहा है। मालगाड़यों को आगे रवाना करने के कारण यात्री गाड़ियों को निकलने का सिग्नल नहीं मिलने से चालक उसे छोटे स्टेशन और आउटर में खड़े कर रहे हैं। इसी तरह की स्थिति बिलासपुर जोनल स्टेशन में हावड़ा और मुम्बई से आने-जाने वाली एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेनों की हो गई है। सुबह 7 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे के बीच हावड़ा-मुम्बई सुपरफास्ट मेल, ज्ञानेश्वरी सुपरडीलक्स, हावड़ा-ओखा, हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस, हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस, शालीमार-मुम्बई के अलावा अन्य ट्रेनों का आगमन हावड़ा से बिलासपुर तक होता है। बिलासपुर से रायपुर, नागपुर और मुम्बई की ओर जाने वाली ट्रेनों में करीब 5000 से अधिक यात्री प्रतिदिन स्लीपर, एसी कोच में सफर करने के लिए समय पर स्टेशन तक पहुंच जाते हैं। रेलवे के एप्लीकेशन के जरिए ट्रेनों के लोकेशन की जानकारी भी देखी जाती है, लेकिन एप्लीकेशन में ट्रेन का लोकेशन ऐसा रहता है कि जो ट्रेन सुबह 8 बजे चांपा स्टेशन में खड़ी रहती है वह 10 बजे तक वहां से एक कदम आगे नहीं खिसकती। ऐसा ही हाल प्रतिदिन का रहता है, जहां चांपा से टेन को बिलासपुर स्टेशन में आने वाली मेल, आजाद हिंद, अहमदाबाद सहित अन्य ट्रेनों को 1 घंटे का समय 3 घंटे सें अधिक समय में तय लग रहा है।

### एक ओर बायपास केबिन दूसरी ओर आउटर

जोनल रेलवे स्टेशन में अब यात्री ट्रेनों को नियंत्रित करने के लिए रेल अफसरों ने अपने हिसाब से स्टापेज देना शुरु कर दिया है। कटनी के साथ रायपुर की ओर से बिलासपुर आने वाली ट्रेनों को नियंत्रित करने के लिए बायपास केबिन तिफरा के पास बना दिया गया है। वहीं रायगढ़ और कोरबा की ओर से बिलासपुर आने वाली एक्सप्रेस ट्रेनें चुचुहियापारा के पास घंटो रोक दी जा रही है। इन दोनों साइड में ट्रेन रोकने के बाद घंटो पहले प्लेटफार्म में ट्रेन नम्बर तो डिस्प्ले होता है, लेकिन कोच का लोकेशन नहीं दिखाया जाता। इसके कारण ट्रेन आते ही यात्रियों को दौड़कर अपनी ट्रेन पकड़ना भी मजबूरी बन चुकी है।

### नान इंटरलाकिंग से ट्रेनों का परिचालन प्रभावित आज से

- ट्रेनों के थमेंगे पहिए 29 तक

नान इंटरलाकिंग के कारण ट्रेनों का परिचालन मंगलवार से प्रभावित रहेगा। इस दौरान 21 लोकल व एक्सप्रेस ट्रेनों के पहिए 29 दिसम्बर तक रोक दिए जाएंगे। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार अधोसंरचना विकास कार्य में एसईसीआर के नागपुर मंडल अंतर्गत डोंगरगढ़ पर परिचालन क्षमता में वृद्धि एवं संरक्षा मानकों को और सुदृढ़ करने के लिए अप अतिरिक्त लूप लाइन निर्माण से संबंधित प्री नॉन इंटरलाकिंग 23 से 26 दिसम्बर तक एवं नान इंटरलाकिंग 27 दिसम्बर को कार्य किया जाएगा। इसके कारण 68741 दुर्ग-गोंदिया मेमू 27 दिसम्बर को, 68743 गोंदिया-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी मेमू 27 दिसम्बर को, 68742 गोंदिया-दुर्ग मेमू, 68742 गोंदिया-दुर्ग मेमू, 68703 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू, 28 दिसम्बर को 68711 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू, 68713 गोंदिया-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी मेमू, 68714 मेमू नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-बालाघाट मेमू, 68715 बालाघाट-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी, 68716 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-गोंदिया मेमू, 68712 गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू, 68710 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू, 29 दिसम्बर को 68710 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू, 68729 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू, 27 दिसम्बर को 68729 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू, 28 दिसम्बर को 68730 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू, 26 दिसम्बर को 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू, 27 दिसम्बर को 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू, 27 दिसम्बर को 58205 रायपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी पैसेंजर, 28 दिसम्बर को 58205 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-रायपुर पैसेंजर, 27 दिसम्बर को 68721 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू, 68723 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू, 28 दिसम्बर को 68724 गोंदिया-रायपुर मेमू रद्द की जाएगी। इसके अलावा 27 दिसम्बर को 68705 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू दुर्ग-डोंगरगढ़ के बीच और 68706 डोंगरगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर डोंगरगढ़-दुर्ग के बीच रद्द रहेगी।

---

# लिंगियाडीह में महिलाएं एक महीने से धरने पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- निगम के खिलाफ जारी है आंदोलन

लिंगियाडीह स्थित दुर्गा नगर वार्ड क्रमांक 52 में नगर निगम द्वारा गरीब निवासियों के मकान तोड़ने की कार्रवाई को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। 100 से अधिक महिलाओं ने लिंगियाडीह चौक में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है जो कि पिछले एक महीने से जारी है।

पिछले तीस दिनों में इस विरोध को विभिन्न राजनैतिक और सामाजिक संगठनों ने समर्थन भी दिया है। महिलाएं निगम और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी कर रही हैं। महिलाओं का कहना है कि वे दशकों से इस क्षेत्र में रह रही हैं और बार-बार की तोड़फोड़ कार्रवाई ने उनके जीवन को अस्थिर बना दिया है। वे पिछले 50 वर्षों से लिंगियाडीह क्षेत्र में रह रहे हैं।

धरने पर बैठीं 100 से अधिक महिलाओं के मुताबिक यह संघर्ष अब सिर्फ भूमि विवाद नहीं बल्कि अस्तित्व की लड़ाई है। महिलाओं के साथ बच्चे भी चौक पर धरना देकर बैठे हुए हैं। वार्ड के कांग्रेस पार्षद दिलीप पाटिल का कहना है कि इस संबंध में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कलेक्टोरेट का घेराव भी किया था।

### स्थायी पट्टा मिला और ना सुरक्षा की गारंटी

यहां के लोगों ने बताया कि यह भूमि (लगभग 2.46 एकड़) पहले ही आबादी भूमि घोषित की जा चुकी थी। 2019 में छत्तीसगढ़ सरकार ने निर्णय लिया था कि निगम की भूमि पर बसे नागरिकों को पट्टा दिया जाएगा। इसके बाद भूमि का सर्वे हुआ और अतिरिक्त तहसीलदार ने पट्टाधारियों की सूची तैयार की। लोगों ने 10 रुपए प्रति वर्गफुट के हिसाब से प्रीमियम राशि भी निगम को जमा की। इसके बावजूद, न तो उन्हें स्थायी पट्टा मिला और न ही सुरक्षा की गारंटी। उल्टे अब निगम तोड़फोड़ की कार्रवाई कर रहा है।

### मकान तोड़ने पर रोक लगाने की मांग

धरने पर बैठीं महिलाओं ने बताया कि इन कार्रवाइयों से गरीब परिवारों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति बुरी तरह प्रभावित हुई है। कई लोग आज भी अस्थायी झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि प्रशासन हर महीनों में नए नाम से कुछ ना कुछ कार्रवाई की जा रही है। कभी सड़क चौड़ीकरण, कभी नाली निर्माण, कभी कॉम्प्लेक्स या पार्क विकास के नाम पर जीना हराम कर दिया गया है। इससे पूरे क्षेत्र में असमंजस और भय का माहौल बना हुआ है। कलेक्टर और निगम कमिश्नर को सौंपे ज्ञापन में स्थानीय निवासियों ने दो प्रमुख मांगें रखी हैं। इसमें प्रस्तावित मकान तोड़ने की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए और पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच की मांग की।

---

# छात्र की मौत मामले में जांच कमेटी ने सौंपी रिपोर्ट

**दो माह पहले परिसर के तालाब में मिली थी छात्र की लाश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- जांच रिपोर्ट के बाद सीयू प्रबंधन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्र अर्सलन अंसारी की मौत के बाद यूनिवर्सिटी की ओर से गठित जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट प्रबंधन को सौंप दी है। इस जांच रिपोर्ट का खुलासा नहीं किया गया है और न ही इस मामले में यूनिवर्सिटी की ओर से अभी कोई कार्रवाई की गई है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रशासन के बीएससी फिजिक्स के छात्र अर्सलान अंसारी की मौत के यूनिवर्सिटी प्रबंधन की ओर से बाद चार सदस्यीय फैक्ट फाईडिंग जांच कमेटी गठित की गई थी। इस फैक्ट फाइंडिंग जांच कमेटी के समन्वयक यूनिवर्सिटी के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. शैलेन्द्र कुमार एवं प्रस्तुतकर्ता एडमिनिस्ट्रेटिव वार्डन प्रो. सीपी देवांगन को बनाया गया था। इनके साथ ही ओएसडी डव्हलपमेंट फार्मेसी विभाग के प्रो. भारती अहिरवार व इंजीनियरिंग साइंस संकाय के डीन प्रो. शरद श्रीवास्तव सदस्य के रूप में शामिल किया गया था। इस जांच कमेटी को जल्द से जल्द हास्टल से बीएससी फिजिक्स के छात्र अर्सलान अंसारी के गायब होने के मामले में तथ्यात्मक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया था। जांच कमेटी द्वारा छात्र के हास्टल से गायब होने के मामले में इंटर्नल जांच की जा रही थी। इसके लिए जांच कमेटी द्वारा हास्टल के अन्य छात्रों एवं हास्टल वार्डन, शिक्षकों आदि के बयान लिए गए हैं। लेकिन यह कमेटी मामले में जांच करने में लगभग डेढ़ से पौने दो माह लगा दी और हाल ही में जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट यूनिवर्सिटी प्रबंधन को सौंपी है। यूनिवर्सिटी की इंटर्नल जांच रिपोर्ट का अभी खुलासा नहीं किया गया है और ही जांच रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद इस मामले में प्रबंधन की ओर से किसी तरह की कोई कार्रवाई की गई है।

### परिजन दुबारा आए थे न्याय मांगने

मृतक छात्र अर्सलान अंसारी के पिता, परिजन पिछले दिनों दूबारा यहां आए थे। वे यूनिवर्सिटी हास्टल गए जहां छात्र के रूम और सामान को देखे। वे यूनिवर्सिटी प्रबंधन के लोगों से भी मिले तथा पुलिस अधिकारियों से मिलकर अपने पुत्र अर्सलान के हत्या का संदेह जताते हुए न्याय की मांग की थी।

### नहीं हुई है कार्रवाई

छात्र अर्सलान अंसारी की मौत के बाद यूनिवर्सिटी की ओर से इंटर्नल जांच कमेटी गठित की गई थी। इस कमेटी द्वारा अपनी तरफ से संबंधितों से बयान लेने के बाद जांच रिपोर्ट यूनिवर्सिटी को सौंप दी गई है और फिलहाल रिपोर्ट के बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**-प्रो. मनीष श्रीवास्तव**
मीडिया प्रभारी, सीयू

### सिम्स में मरीजों की कट रही है जेब

**बिलासपुर।** सिम्स में इन दिनों मरीजों की जेबें कट रही हैं। इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीज और परिजनों के पर्स और सामान पार हो रहे है, लेकिन सिम्स प्रबंधन चोरों को पकड़ने में नाकाम हो रही है। लोगों के सामान में सेंधमारी तक हो रही है। 150 से अधिक गार्ड होने के बाद भी सिम्स में मरीजों की जेब सुरक्षित नहीं है। ऐसे में सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। दरअसल सोमवार को ओपीडी में करीब 18 सौ से अधिक मरीज इलाज कराने पहुंचे। इस दौरान नेवरा तखतपुर से आए नंदकुमार खांडे भी बच्चे के इलाज के लिए सिम्स पहुंचे थे, ओपीडी में इलाज कराने के बाद वे दवा लेने के लिए सिम्स के काउंटर में पहुंचे। इस दौरान उन्हें अपनी जेब खाली मिली, उन्हें जेब कटने का अंदेशा हुआ। उन्होंने आसपास नजर घुमाई लेकिन कोई भी संदिग्ध दिखाई नहीं दे रहा है। इस दौरान गार्ड को भी इसकी जानकारी दी, लेकिन गार्ड भी संदिग्ध की पहचान नहीं कर पाया।

# शराबखोरी करते पकड़े गए 5 युवक, 2 युवतियां

**बिलासपुर।** पुलिस ने पत्रकार कालोनी के एक मकान में दबिश देकर शराबखोरी कर हंगामा मचाते 5 युवकों व 2 युवतियों को पकड़ लिया है। पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार कर युवतियों को समझाइश देकर छोड़ दिया है।


सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, रविवार की रात एसएसपी रजनेश सिंह को सूचना मिली कि अशोक नगर पत्रकार कालोनी के एक मकान में शराबखोरी कर हंगामा मचाया जा रहा है, जिससे कालोनी के लोगों को परेशानी हो रही है। एसएसपी श्री सिंह के निर्देश उन्होंने स्टाफ के साथ दबिश देकर एमआर पत्रकार कालोनी निवासी आशीष साहू पिता भागीरथी साहू के घर में दबिश दी। मकान में 5 युवक व 2 युवतियां शराबखोरी कर हंगामा मचाते मिलीं। पकड़े गए युवकों में एमआर आशीष साहू, आदित्य वस्त्रकार पिता मोहन लाल 33 साल लिंक रोड शुभ मंगल अपार्टमेंट, लक्की देवांगन पिता पंचराम देवांगन 28 साल जूना बिलासपुर, वंश देवांगन पिता सतीश देवांगन 22 साल जूना बिलासपुर, विपुल दुबे पिता वशिष्ट नारायण दुबे 26 चरचा कोरिया निवासी व दो युवतियां शामिल हैं। पुलिस ने युवतियों को समझाइश देकर छोड़ दिया है। वहीं युवकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। उनके पास तीन बाइक भी जब्त की गई है।

# अशांति फैलाने वाले 4 बदमाश गिरफ्तार

- एसएसपी के निर्देश पर गुण्डागर्दी करने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

**बिलासपुर।** कोनी क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले 4 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर थानेदारों के द्वारा लगातार गुण्डागर्दी कर अशांती फैलाने वालों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कोनी पुलिस ने क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले लक्की भारत पिता श्रीकांत भारत 27 साल सेंदरी, भोलू यादव उर्फ राकेश पिता सरजू यादव 26 साल कोनी, भीमशंकर वर्मा पिता इतवारी वर्मा 20 साल घुटकू, सुनील यादव पिता संतोष यादव 20 साल यादवपारा निवासी को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया गया है। चारों के खिलाफ बीएनएस की धारा 170 के तहत कार्रवाई की गई है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### अहमदाबाद से गायब हुआ युवक मिला बिलासपुर में

**बिलासपुर।** अहमदाबाद गुजरात से वापस अपने घर हावड़ा जाते समय एक युवक बीच रास्ते में ही अचानक गायब हो गया, जिसका सामान बिलासपुर स्टेशन में ट्रेन पहुंचने के बाद लावारिस मिलने के उपरांत जीआरपी ने उसके परिजन को सूचना दी। इसके बाद जीआरपी ने युवक की खोजबीन की तो वह बिलासपुर स्टेशन के बाहर एक हॉल में सोया हुआ मिला, जिसे उसके परिजन के सुपुर्द कर दिया गया।



जानकारी के अनुसार सतेन्दर कुमार यादव गुजरात के एक कंपनी में रिफाइनरी का काम करता है। 17 दिसम्बर को वह गुजरात से वापस अपने घर हावड़ा जाने के लिए निकला था। इस दौरान वह अचानक गायब हो गया, लेकिन उसका सामान लावारिस हालत में ट्रेन के कोच में पड़ा मिला। इसे जीआरपी ने चेक करने के बाद उसके परिजन को सूचित किया।

रविवार की देर रात गुम हुए युवक का भाई चंद्रशेखर बिलासपुर स्टेशन गीतांजली एक्सप्रेस से पहुंचा। उसके भाई के बिलासपुर स्टेशन पहुंचने के बाद सामान को चेक कराया गया, जिसके बाद गुम हुए युवक की खोजबीन शुरु कर दी गई। इस दौरान गुम हुआ युवक बिलासपुर स्टेशन के बाद एक हॉल में बैठा हुआ मिला, जिसे पूछताछ करने के बाद उसके भाई के सुपुर्द कर दिया गया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## खबर संक्षेप

### राहुल को राज्यपाल के हाथों मिला स्वर्ण पदक

**लोरमी।** नगर के होनहार युवा राहुल चतुर्वेदी को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमन डेका के हाथों स्वर्ण



पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार यह सम्मान राहुल को करगीरोड कोटा स्थित सीवी रमन विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में दिया गया। राहुल चतुर्वेदी को पत्रकारिता में प्रावीण्यता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर बैचलर डिग्री हासिल करने पर स्वर्ण पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। राहुल को यह सम्मान मिलने पर परिवारजनों, इष्ट मित्रो में हर्ष व्याप्त है। राहुल नगर के प्रतिष्ठित नागरिक व व्याख्याता प्रमोद चतुर्वेदी के सुपुत्र हैं। वर्तमान में वे पत्रकारिता के मास्टर डिग्री पाठ्यक्रम में संलग्न है।

### महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष बनीं विद्या

**पेंड्रा।** कांग्रेस की महिला इकाई ने विद्या राठौर को



जिला जीपीएम की महिला कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के बाद जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं, विशेषकर महिला कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में उत्साह और खुशी का माहौल है। संगठन ने इसे जिले में महिला कांग्रेस को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। विद्या राठौर ने अपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि,पार्टी नेतृत्व द्वारा दिए गए इस दायित्व को वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगी। उन्होंने क्षेत्र व जिले के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### वाहन सहित 150 बोरी अवैध धान जब्त



**रतनपुर।** रतनपुर पुलिस ने धान की अवैध खरीदी-बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 150 बोरी धान एवं एक माजदा वाहन को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार 21 दिसंबर को पुलिस को सूचना मिली कि, माजदा वाहन लीजी 10 बीवी 6881 का चालक अवैध रूप से धान खरीदकर कोटा थाना कोटा क्षेत्र के ग्राम खरगहनी से तेन्दुभाठा की ओर कृषि उपज मंडी में बेचने के लिए ले जा रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम ने ग्राम बारीडीह मेनरोड पर घेराबंदी कर वाहन को पकड़ लिया। वाहन चालक रामेश्वर ध्रुव पिता प्यारेलाल ध्रुव उम्र 37 वर्ष निवासी नेवरा थाना कोटा धान की खरीदी-बिक्री से संबंधित कोई वैध बिल या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने धान चोरी की आशंका पर कार्रवाई वाहन सहित 150 बोरी धान जब्त कर ली। मामले की सूचना तहसीलदार रतनपुर एवं खाद्य निरीक्षक को दी गई, जिनके मौके पर पहुंचने पर अग्रिम कार्रवाई की गईं।

### डीएवी गोढ़ी में राष्ट्रीय गणित दिवस समारोह



**बिल्हा।** डीएवी पब्लिक स्कूल गोढ़ी में राष्ट्रीय गणित दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के तहत गणितीय सांकेतिक नृत्य, भाषण, नाटक तथा अन्य गतिविधियां कराई गईं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएन पांडेय ने कहा कि, राष्ट्रीय गणित दिवस महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जिन्होंने गणित के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया। गणित केवल अंकों का विषय नहीं, बल्कि तार्किक सोच, समस्या-समाधान और जीवन में सही निर्णय लेने की कला सिखाता है। आज के विज्ञान और तकनीक के युग में गणित की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से गणित शिक्षिका आरती मिश्रा एवं शिक्षक चूड़ाकांत सन्नाट का प्रमुख योगदान रहा। शिक्षिका आरती पांडेय ने आभार प्रकट किया।

### ठंड से बचने लोग कर रहे अलग अलग जतन

**मल्हार।** पिछले पंद्रह दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित हुआ है। शाम होते ही



जगह जगह अलाव में हाथ सेकते लोगों को देखा जा सकता है। शीतलहर चलने से सुबह से शाम तक की धूप भी महसूस नहीं हो रही है जिससे बुजुर्ग दिनभर गर्म कपड़े में ही बीता रहे है वही छोटे बच्चो को भी ठंड से बचाने जतन करना पड़ रहा है। शीतलहर के कारण नगर के चौक चौराहों में अलाव के नजारे देखे जा सकते हैं जहां लोग बैठकर ठंड का आनंद उठा रहे हैं। स्कूल चौक, मेला चौक, गढ़ चौक, इमलीपारा चौक, ठाकुरदेव चौक, मंदिर चौक, बस स्टैंड सहित विभिन्न स्थलों में लोगों को अलाव से हाथ गर्म करते देखे जा सकते हैं। जिसमे लोग अपने आपको गर्म कर ठंड से राहत पा रहे हैं। जरूरी काम से घर से निकलने वाले लोग गर्म कपड़े से पूरी तरह ढंक कर काम पर जा रहे हैं।

## विभागों का स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

# सुशासन सप्ताह में लोगों को दी गई योजनाओं की जानकारी

**मुंगेली।** शासन की योजनाओं का त्वरित लाभ, जरूरी प्रमाण-पत्रों की सुविधा की उपलब्धता के साथ जन शिकायतों का निवारण करने के उद्देश्य प्रशासन गांव की ओर थीम पर 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में सोमवार को मुंगेली विकासखंड के ग्राम सेतगंगा, लोरमी विकासखंड के ग्राम डिंडोल एवं पथरिया विकासखंड के ग्राम मोहभट्ठा में शिविर आयोजन किया गया। शिविर में कलेक्टर कुन्दन कुमार, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय शामिल हुए। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य, श्रम, मत्स्य, पशुपालन, पीएचई, महिला एवं बाल विकास, राजस्व सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर आमजनों को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। शिविर में मांग से संबंधित राशन, पेंशन, लाइसेंस, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनवाने सहित बैंक से ऋण दिलाने आदि के साथ ही अन्य



शिविर में जानकारी देते कलेक्टर।

विभागों से संबंधित 160 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनका नियमानुसार निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने स्टॉलों का अवलोकन किया और आमजनों को योजनाओं का त्वरित लाभ दिलाने तथा प्राप्त आवेदनों का समयबद्धता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, सुशासन सप्ताह अंतर्गत आयोजित शिविर का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने आमजनों से चर्चा कर नशे से दूर रहने, बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने और शासन की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर एवं सीईओ ने स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में अपना ब्लड प्रेशर चेक कराया और अन्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहते हुए नियमित जांच के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने हितग्राही को कराया गृह प्रवेश

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही शंकर कश्यप को गृह प्रवेश कराया। उन्होंने शंकर से रिबन कटवाकर परिजनों को मीठा खिलाया और नए मकान के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने कहा कि, प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य केवल चार दीवारें और छत देना नहीं, बल्कि गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित, सम्मानजनक और स्थायी जीवन प्रदान करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में शेष पात्र हितग्राहियों को भी समयबद्ध तरीके से आवास का लाभ सुनिश्चित किया जाए। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि, आवास मिलने से हितग्राही के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। अब परिवार को सुरक्षित वातावरण मिलेगा, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी इसका अच्छा प्रभाव पड़ेगा। सुशासन सप्ताह अंतर्गत 23 दिसम्बर को मुंगेली विकासखंड के ग्राम टेमरी, लोरमी विकासखंड के ग्राम अखरार और पथरिया विकासखंड के ग्राम रोहराकला में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जाएगी और लाभ उठाने प्रेरित किया जाएगा।

## कलश यात्रा के साथ मदनपुर में श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ



**सेतगंगा/मुंगेली।** ओशो पिरामिड ध्यान आश्रम मदनपुर में श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ का विधिवत एवं शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। शुभारंभ अवसर पर कथा वाचक आलोक शर्मा महाराज, बिपतपुर धिकुड़िया द्वारा गोकर्ण कथा के माध्यम से श्रीमद् भागवत के महात्म्य एवं आध्यात्मिक महत्व को सरल और भावपूर्ण शैली में समझाया गया, जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर सुना।

कार्यक्रम के अंतर्गत आज कलश यात्रा भी निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लेकर क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से ओत-प्रोत कर दिया। भजन-कीर्तन और जयघोष के साथ निकली कलश यात्रा ने पूरे मदनपुर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इस पावन अवसर पर विशेष रूप से बद्रीनाथ से पैदल यात्रा कर मदनपुर पहुंचे स्वामी कनकेश्वर महाराज ने अपने आध्यात्मिक अनुभव कथन साझा किए, जिससे श्रद्धालुओं को साधना, तप और संकल्प की प्रेरणा मिली। भागवत कथा के यजमान आकाश परिहार ने बताया कि यह श्रीमद् भागवत कथा 9 दिनों तक निरंतर चलेगी, जिसमें श्रीमद् भागवत की समस्त प्रमुख कथाओं का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कथा के साथ-साथ प्रतिदिन रात्रि में कीर्तन-भजन का आयोजन किया जाएगा। जिससे श्रद्धालुओं को भक्ति, ज्ञान और आनंद की अनुभूति होगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संतगण, श्रद्धालु, ग्रामवासी एवं आसपास के क्षेत्रों से आएं भक्त उपस्थित रहे। संपूर्ण वातावरण धर्म, भक्ति और अध्यात्म से सराबोर रहा। आयोजन को सफल बनाने पूरे परिवार सहित इष्टमित्र जुटे हुए हैं।

## कर्मचारी, अधिकारियों से हड़ताल में शामिल होने का आह्वान



**मुंगेली।** कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन शाखा मुंगेली के पदाधिकारी सोमवार 21 दिसम्बर को जिले के सभी कार्यालयों का सघन संपर्क कर सभी कर्मचारी और अधिकारियों को 11 सूत्रीय मांग पत्र के साथ अवकाश आवेदन वितरित किया। सभी साथियों से 29 से 31 दिसम्बर तक कलम बंद काम बंद कम्प्यूटर बंद कर सामूहिक रूप से हड़ताल में सम्मिलित होने का निवेदन किया गया। फेडरेशन में शामिल सभी संगठन एकजुटता दिखाते हुए तीन दिवसीय निश्चित कालीन हड़ताल में शामिल होने का निश्चित किया। जिला संयोजक जेएस ध्रुव, उप संयोजक बिंदु भास्कर, प्रवक्ता अत्रि प्रताप सिंह, संरक्षक आईपी यादव, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, जिला प्रभारी महादेव यादव, लोरमी पथरिया संयोजक रामसिंह राजपूत, अरुण जायसवाल और कार्यकारिणी सदस्य अरुण बघेल कलेक्ट्रेट मुंगेली, शिक्षा विभाग, खाद्य विभाग, कोषालय, जनसंपर्क, मत्स्य, आबकारी विभाग, श्रम विभाग, तहसील ऑफिस, जनपद ऑफिस, कृषि मुख्यालय इत्यादि सभी कार्यालय में जनसंपर्क किया। सामूहिक अवकाश का वितरित आवेदन 26 दिसम्बर को संग्रहित किया जाएगा।

## एनएसएस शिविर में हुई बौद्धिक परिचर्चा



**मल्हार।** इकाई तक्षशिला उमावि जोंधरा की राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से ग्राम केवटाडीह भुतहा में आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिचर्चा में भाजपा लोहर्सी मंडल के अध्यक्ष सीमा साहू, लोहर्सी मंडल के उपाध्यक्ष धन्नु तिवारी, रेखा केवर्त सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक रहने, नशा मुक्ति, स्वदेशी अपनाने तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पुनेश कुमार पटेल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए एनएसएस की गतिविधियों की सराहना की। कार्यक्रम अधिकारी पूरन सिंह ठाकुर ने शिविर की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक राजेश कुमार यादव, बलराम दिनकर, हेतराम पटेल, देव पटेल, मोतीराम कश्यप, वीरेंद्र साहू, चन्द्रकला पटेल, सीमा साहू, प्रीतम पटेल की उपस्थिति रही। एनएसएस स्वयंसेवक विद्यार्थी कुंती, निहारिका, गीतांजलि, शिवकुमार, साहिल कुमार, गीता, स्नेहा, सूर्यकान्त, रीमा, मुस्कान ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

## गौसेवा आयोग की पहली बैठक में गौधाम पर चर्चा



**भर्रीडांड़।** छग शासन पशुधन विकास विभाग के निर्देशानुसार सोमवार को अतिरिक्त पशु चिकित्सा सेवाएं मरवाही ने गौसेवा आयोग की पहली बैठक आयोजित की। बैठक में गौसेवा आयोग के सदस्यो के समक्ष आयोग की शासन की मंशा के अनुरूप विकासखंड में शीघ्र ही गौधाम शुरू किए जाने की मंशा जाहिर की गई। गौधाम के लिए आए आवेदनों और उन पर हुए निर्णयों से भी समिति को अवगत कराया गया। फिलहाल ग्राम पंचायत मड़ई के गौठान का गौधाम के लिए चयन किया गया है। मामले पर सदस्यों की ओर से मिले सुझाव के बाद विकासखंड गौसेवा आयोग के अध्यक्ष परमेश्वर प्रसाद ने अन्य इच्छुक आवेदकों से भी आवेदन करने का आग्रह किया। साथ ही समिति के सदस्यों ने विकासखंड के अंदर आयोजित होने वाले सभी पशु मेलों एवं पशु बाजारों में पशु परीक्षण अधिनियम एवं पशु क्रूरता अधिनियम का कड़ाई से पालन करने के लिए शासन द्वारा गठित कमेटी को पशु बाजारों में उपस्थित रहने के लिए भी कहा। इस दौरान घुमंतू एवं सड़कों में बैठने वाले पशुओं को भी शेल्टर देने के लिए भी चर्चा की गई।

## बालिका टेबल टेनिस प्रतियोगिता संपन्न



**लोरमी।** मुंगेली जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वाधान में एक दिवसीय आयु 13 वर्ष , 15 वर्ष एवम 17 वर्ष जिला रैंकिंग बालिका टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन 21 दिसम्बर रविवार को खेल केंद्र लोरमी में किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि विखं शिक्षा अधिकारी मनीषा पाटले, एवं आयोजन प्रमुख मुकेश सिंह राठौर उपस्थित थे। प्रतियोगिता में 13 वर्ष बालिका वर्ग में भावना अहिरवार प्रथम एवं 15 वर्ष बालिका वर्ग में गुंजा बंजारे ने प्रथम स्थान प्रप्त किया। इसा तरह 17 वर्ष बालिका वर्ग में गंगा कश्यप प्रथम, छोटी यादव द्वितीय, रिशमा साहू तृतीय, सिद्धि कश्यप चौथा, श्वेता ध्रुव पांचवां, रेशमी माथुर ने छठवां एवं तिमलेश्वरी ने सातवां स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक की भूनिका जितेंद्र कुमार साहू ने निभाई। सभी विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल्स एवं प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रतिभागियों को मेडल्स व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सफल आयोजन में शुभम निषाद, शेखर, अजय एवं संजय का प्रमुख योगदान रहा।

## विजडम स्कूल में वार्षिकोत्सव में शामिल हुए एसएसपी

**तखतपुर।** विजडम द ग्लोबल वर्ल्ड स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन बिलासपुर एसपी रजनेश सिंह तथा वंदना सिंह एवं जितेंद्र शुक्ला की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि रजनेश सिंह ने विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि, इस प्रकार के सांस्कृतिक मंच बच्चों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास को निखारते हैं। उन्होंने विद्यालय द्वारा दिए जा रहे संस्कारों एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सराहना की। वंदना सिंह एवं जितेंद्र शुक्ला ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं अनुशासन का परिचय दिया। तांडव नृत्य की ऊर्जावान और भावपूर्ण प्रस्तुति ने



दर्शकों में उत्साह का संचार कर दिया। जोकर डांस ने बच्चों की मासूमियत और हास्य के माध्यम से सभी को आनंदित किया और जोकर के जीवन के संघर्ष को उजागर किया। समाज की सच्चाइयों को उजागर करती कलियुगी प्रस्तुति ने दर्शकों को सोचने पर विवश कर दिया। मस्ती की पाठशाला कार्यक्रम ने शिक्षा के साथ आनंद का सुंदर संदेश दिया, वहीं घोस्ट डांस ने मंच पर रोमांच भर दिया।

## महिला जागृति मंडल ने वनांचल में बांटे गर्म कपड़े



**मुंगेली।** महिला जागृति मंडल के द्वारा जिले के अचानकमार अभ्यारण के दूरस्थ ग्राम वनवासी पाठशाला बिसोनी के बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। साथ ही वनवासी बच्चों के माता-पिता को साड़ी कंबल, बंगाली, पेंट शर्ट उपहार स्वरूप दिया गया। कार्यक्रम का संचालन महिला महिला जागृति मंडल की सदस्य लक्ष्मी सोनी ने किया। उन्होंने कहा कि, इतने दूरस्थ क्षेत्र में जहां पर शिक्षा और चिकित्सा का अभाव है वहां पर प्रयास की टीम के द्वारा वनवासी पाठशाला का संचालन करना इस टीम की संवेदनशीलता और शिक्षा के प्रति उनका समर्पण सराहनीय है। वक्ता प्रमिला चौरसिया ने कहा कि, इतनी दूर जंगल के अंदर इतना सुव्यवस्थित स्कूल का संचालन करना अपने आप में अद्भुत है। इसके पश्चात श्रीमती सोनी के द्वारा बच्चों को रोज स्कूल आने के लिए प्रेरित करते हुए स्वच्छता के विषय में जानकारी दी गई।

## संकुल प्राचार्य ने किया ढोड़गापारा स्कूल का सामाजिक अंकेक्षण

**पेंड्रा।** कोड़गार संकुल की प्राचार्य मीना शर्मा ने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत 20 दिसंबर को ढोड़गापारा प्राथमिक शाला कोड़गार का सामाजिक अंकेक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ प्रदीप कुमार कंवर व्याख्याता, तिहारू राम बैगा भृत्य सहित विद्यालय के शिक्षक, शाला विकास समिति के अध्यक्ष, ग्रामवासी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



गौरतलब है कि, प्राचार्य मीना शर्मा के दाहिने पैर में कैल्सिफिकेशन की गंभीर समस्या है, जिसके कारण उन्हें स्कूटी चलाने एवं अधिक पैदल चलने से मना किया गया है। इसके बावजूद दुर्गम वन क्षेत्र तक पहुंच कर सामाजिक अंकेक्षण करना उनकी कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण को दर्शाता है। ढोड़गापारा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में दो शिक्षक पदस्थ हैं एवं विद्यालय में वर्तमान में दूसरी एवं पांचवीं की कक्षाएं संचालित हैं। दूसरी कक्षा में 5 एवं पांचवीं कक्षा में 1 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, इस प्रकार विद्यालय की कुल दर्ज संख्या 6 है। ग्राम पंचायत बम्हनी के आश्रित गांव ढोड़गापारा प्राचीन काल से घने वनों से आच्छादित क्षेत्र रहा है। चारों ओर पहाड़, नदी, झरने और पशु-पक्षियों की चहचहाहट इस ग्राम की प्राकृतिक पहचान है।

## बेहतर प्रबंधन से पिछले वर्षों के मुकाबले स्थिति बेहतर

# पथरिया क्षेत्र के उपार्जन केंद्रों से 50 फीसदी धान का उठाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

विकासखंड के सभी 31 धान खरीदी केंद्रों में निर्बाध गति से धान खरीदी जारी है। प्रमुख बात यह है कि, किसानों से खरीदे गए धान का उठाव तेजी से होने लगा है, और अब तक खरीदी गई धान के 50 फीसदी हिस्से का उठाव हो चुका है।

ब्लाक मुख्यालय स्थित पथरिया धान खरीदी केंद्र के प्रभारी रामनरायण शुक्ला ने बताया कि, इस वर्ष प्रशासन उपार्जन केंद्रों से धान का नियमीत उठाव करा रही है, जिसके कारण धान खराब नहीं होगी और समय पर उठाव से शार्टेज भी नहीं आएगा। उन्होंने बताया कि 24 हजार क्विंटल धान खरीदी गई है, जिसमे से 14 हजार 80 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। यह पिछले



वर्षों के मुकाबले बहुत अच्छी स्थिति है। निरीक्षण करने आए सहकारी समिति के अध्यक्ष सुखदेव वर्मा ने कहा कि, राज्य की भाजपा के कुशल प्रबंन्ध के कारण किसानों की शिकायतें भी अपेक्षाकृत कम हैं, और निर्बाध गति से धान खरीदा जारी है। उपार्जन केंद्र लौदा और सरगांव में 85 प्रतिशत एवं पथरिया में 58 प्रतिशत धान का उठाव हुआ है ।

### इन केंद्रों में उठाव कम

उपार्जन केंद्रों से लगातार धान का उठाव किया जा रहा है, लेकिन कुछ केंद्र ऐसे हैं, जहां उठाव बहुत कम हुआ है। सकेत में अब तक धान का उठाव शुरू भी नहीं हुआ है, वहीं बदरा 5 प्रतिशत, पिपरलोड 6 प्रतिशत, रामबोड 10 प्रतिशत एवं सीलदहा में 12 प्रतिशत उठाव हुआ है। इसी तरह एक दर्जन केंद्रों का उठाव 50 प्रतिशत से कम है। इन केंद्रों के प्रभारियों ने कहा कि, हमारे यहां से भी जल्द उठाव होना चाहिए। उनका कहना है कि, उठाव नहीं होने से धान रखने की जगह कम पड़ रही है, अगर उठाव में सुधार नही हुआ तो खरीदी भी रोकनी पड़ सकती है। इन समितियों के अध्यक्षों ने जल्द ही उठाव करने की मांग की है।

### भुगतान की स्थिति सुधरी

सहकारी बैंक के शाखा प्रबन्धक पोषण सोनी ने बताया कि, किसानों के धान बेचने के बाद अधिकतम 3 दिनों में राशि किसानों के खाते में आ रही है। कभी-कभी तो 1 दिन में ही राशि खाते में आ जाती हैं। भुगतान के लिये हर समिति को तिथि आबंटित की गई है, जिसके माध्यम से किसानों का भुगतान सुगमतापूर्वक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि, पिछले वर्ष के मुकाबले भुगतान समय पर हो रहा है।

## हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में बजरंग दल व विहिप का प्रदर्शन



**सरगांव।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में सोमवार को बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री यूनुस खान का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया और पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। यह विरोध प्रदर्शन नगर के प्रमुख बाजार चौराहे पर आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद व हिन्दू समाज के कार्यकर्ता एकत्रित हुए। विश्व हिंदू परिषद के ब्रजेश शर्मा ने कहा कि, बांग्लादेश में हिंदू समुदाय भय के माहौल में जीवन जीने को मजबूर है। भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री रणजीत सिंह हूरा ने कहा कि, यूनुस खान द्वारा जो अत्याचारों को बढ़ावा दिया जा रहा है वह अशोभनीय है, हम ऐसे कृत्यों की निंदा करते हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष पोषण यादव ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दू समुदाय पर जो अत्याचार किया जा रहा हैं, उसके विरोध में यह प्रदर्शन सिर्फ चेतावनी है, नहीं तो उसे बड़े अंजाम से निपटना होगा। इस अवसर पर नरेंद्र शर्मा, पंकज वर्मा, शिव पांडेय, विशाल वर्मा, कमलेश अग्रवाल, महेंद्र साहू, राकेश बरगाह सहित बड़ी संख्या में हिन्दू समुदाय के लोग उपस्थित रहे।